
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# दैनिक अमन लेखनी





रूपा और दुनियादारी से बॉलीवुड में कदम....

आरडी बर्मन में नजर नहीं की बायोपिक आएंगे इमरान

वर्ष : 12 अंक : 230 लखनऊ, 13 अगस्त, गुरूवार 2026 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

संसद हंगामे के कारण फिर हो गई स्थगित, अमर्यादित टिप्पणी करने पर बढ़ी गरमा-गरमी

## राज्यसभा सांसद को 'लुंगी वाला' कहा तो सभापति ने नाराजगी भरे शब्दों में दी सांसदों को सख्त हिदायत-सदन की गरिमा का सम्मान करना चाहिए

राज्यसभा में बुधवार को सीपीआईएम सांसद जॉन ब्रिटास ने कहा कि एक सदस्य द्वारा उन्हें 'लुंगी वाला' कहा गया। उन्होंने ऐसा कहे जाने पर आपत्ति जताई और इसे सदन की गरिमा और सम्मान से जोड़ा। जॉन ब्रिटास ने कहा कि भारी मन से मैं यह मुद्दा उठा रहा हूं



जॉन ब्रिटास

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,

राज्यसभा में बुधवार को सीपीआईएम सांसद जॉन ब्रिटास ने कहा कि एक सदस्य द्वारा उन्हें 'लुंगी वाला' कहा गया। उन्होंने ऐसा कहे जाने पर आपत्ति जताई और इसे सदन की गरिमा और सम्मान से जोड़ा। ब्रिटास ने कहा कि भारी मन से मैं यह मुद्दा उठा रहा हूं, क्योंकि यह इस सदन की गरिमा, प्रतिष्ठा और सम्मान का सवाल है। यह किसी एक दल का नहीं, बल्कि सभी दलों से जुड़ा मुद्दा है।

उन्होंने कहा कि मैं एक भारतीय, दक्षिण भारतीय और निश्चित रूप से एक गर्वित मलयाली हूं। सभापति ने टोकते हुए कहा कि कोई दक्षिण भारतीय या उत्तर भारतीय नहीं होता, हम सभी सिर्फ भारतीय हैं। ब्रिटास ने अपनी भाषा, संस्कृति और खान-पान व पहनावे पर गर्व जताते हुए कहा कि भारतीय संविधान देश की विविधता का सम्मान करता है।

यह किसी एक का नहीं पूरे सदन का अपमान

संविधान विविधता में एकता का सम्मान करता है



### संसद में गतिरोध पर रिजिजू का विपक्ष पर हमला

## मैं निराश हूं, जीवन में पहली बार देख ऐसा रहा हूं विपक्ष चर्चा से भाग रहा



संसद में जारी गतिरोध को लेकर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने विपक्ष पर संसद में चर्चा से भागने और नारेबाजी व पोस्टर के जरिए सदन की कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाया।संसद के बाहर पत्रकारों से बातचीत में रिजिजू ने कहा कि वे अपने संसदीय जीवन में पहली बार ऐसी स्थिति देख रहे हैं, जब सरकार खुद किसी मुद्दे पर चर्चा कराने और विपक्ष के सवालों का जवाब देने के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष चर्चा से पीछे हट रहा है। रिजिजू ने कहा कि मैं पूरी तरह निराश हूं। अपने जीवन में पहली बार मैं ऐसी स्थिति देख रहा हूं, जहां सरकार संसद में चर्चा चाहती है, लेकिन विपक्ष इससे भाग रहा है।

### गृहमंत्री पेश करें बिल पर उठा सवाल

## नड्डा ने कहा विपक्ष सदन को कर रहा गुमराह

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उपसभापति से कहा कि आप गृहमंत्री को बुलाइए। खरगे की इस टिप्पणी का केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने तुरंत खंडन किया। नड्डा का कहना था कि सरकार हर बात व हर विषय पर चर्चा को तैयार है। उन्होंने विपक्ष के आरोपों को गुमराह करने वाली बात बताया। राज्यसभा के नेता सदन नड्डा ने कहा कि विपक्ष के नेता सदन को गुमराह कर रहे हैं। सरकार ने स्पष्ट रूप से कहा है कि हम हर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। नड्डा ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि चर्चा से तो उल्टा आप भाग रहे हैं।





## लोकसभा में बिना चर्चा खनिज एवं खनन संशोधन विधेयक 2026 पारित

लोकसभा ने खनिज और खनन (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 को बिना चर्चा के पारित कर दिया। विधेयक पेश किए जाने के कुछ ही देर बाद विपक्षी सांसद भारी नारेबाजी और विरोध करते हुए सदन के बीचोंबीच आ गए.इसके बाद पीठासीन अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने बिना चर्चा के ही विधेयक को पारित करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई। उन्होंने विधायी कामकाज में हिस्सा नहीं लेने को लेकर विपक्षी सांसदों को फटकार भी लगाई।

### जेपीसी के पास भेजा एफसीआरए बिल

## जेपीसी संसद के शीतकालीन सत्र तक देगी अपनी रिपोर्ट

एफसीआरए संशोधन विधेयक को जेपीसी के पास भेजने की सहमति बन गई है। बिल को जेपीसी के पास भेजने का प्रस्ताव लोकसभा में केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने पेश किया, जो पारित हो गया। प्रस्तावित जेपीसी (जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी) में 31 सदस्य होंगे, जिनमें से 21 सदस्य लोकसभा से और 10 सदस्य राज्यसभा से होंगे।

### खरगे ने शाह से मांगा जवाब

## कल कुछ नहीं होगा तो संसद में जारी रहेगा



राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से जवाब की मांग की। उन्होंने कहा कि विपक्ष संसद में अपना रुख बनाए रखेगा। पत्रकारों से बात करते हुए खरगे ने कहा कि कल कुछ नहीं होगा। हम वही करते रहेंगे जो अब तक करते आ रहे हैं। आज विपक्षी नेताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और 'अमित शाह जवाब दो' के नारे लगाए। विपक्ष ने राष्ट्रीय राजधानी और अन्य राज्यों में छात्रों के खिलाफ पुलिस की ओर से बल प्रयोग किए जाने को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री पर निशाना साधा।



### राम मंदिर चढ़ावा मामला पर बोली प्रियंका

## संसद में जवाब देने से बच रही सरकार

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि सरकार संसद में राम मंदिर के कथित चढ़ावा चोरी से जुड़े सवालों का जवाब देने से इनकार कर रही है। सरकार इसे राज्य का विषय बता रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने राम मंदिर से राजनीतिक लाभ लेने में कोई हिचक नहीं दिखाई थी। सत्र खत्म होने के करीब होने के बावजूद जारी गतिरोध के बारे में पूछे जाने पर प्रियंका ने कहा कि यह दिखाता है कि सरकार लोगों के प्रति अपनी जिम्मेदारी महसूस नहीं करती।

### खबर संक्षेप

#### रेवन्ना की जेल कोठरी में मिले अवैध सामान



बेंगलुरु। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते और पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के जेल कोठरी से मंगलवार को तलाशी के दौरान स्मार्टफोन समेत कई अन्य प्रतिबंधित साम्रगी बरामद की गई है। प्रज्वल रेवन्ना रेप मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद बेंगलुरु की परप्पना अग्रहारा सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं।

#### दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे सीजेआई



नई दिल्ली। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत हैदराबाद की एनएएलएसएआर यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर श्रीकृष्णा देवा राव के कार्यालय ने पुष्टि की है। यह घोषणा छात्रों के एक वर्ग की ओर से किए गए विरोध के बावजूद की गई है। वे मांग कर रहे सीजेआई को आमंत्रित न करें।

#### असम में बाढ़ पीड़ितों को मिलेंगे1000 करोड़



गुवाहाटी। असम में बाढ़ की वजह से हुए भारी नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र ने राज्य सरकार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। यह जानकारी सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने दी। उन्होंने बताया कि बाढ़ से प्रभावित लोगों के पुनर्वास पर बहुत बड़ा खर्चा होगा। हिमंता के अनुसार इस काम में 1000 करोड़ से अधिक का खर्च आएगा।

#### हिमाचल में वाहन खाई में गिरा, 4 की मौत



शिमला। हिमाचल के सिरमौर जिले में गटलोग के पास मंगलवार देर रात अस्पताल से ग्रामीण का शव लेकर लौट रहे एक वाहन के खाई में गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई। 9 अन्य घायल हो गए। हादसा तब हुआ जब परिवार और अन्य संगड़ाह अस्पताल से ग्रामीण जगदीश शर्मा का शव लेकर लौट रहे थे।

### पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की आत्मकथा के विमोचन पर भावुक हुए पीएम मोदी

## यह आत्मकथा लोकतंत्र-समाज के लिए बनेगी धरोहर, उनका कार्य युवाओं के लिए प्रेरणादायी

### पूर्व राष्ट्रपति की जमकर तारीफ की, मैं मां की कमी महसूस कर रहा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की आत्मकथा का विमोचन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए पूर्व राष्ट्रपति की जमकर तारीफ की और उनके जीवन संघर्ष को प्रेरणा बताया। इस दौरान पीएम मोदी ने अपनी मां का भी जिक्र किया और उनका जिक्र कर भावुक भी हुए। कोविंद की इस आत्मकथा का शीर्षक 'ट्रायम्फ ऑफ द इंडियन रिपब्लिकः माय लाइफ, माय स्ट्रगल्स' है। आत्मकथा में कोविंद के जीवन की कहानी है। इसमें उनके शुरुआती वर्षों से लेकर सार्वजनिक जीवन और भारत के 14वें राष्ट्रपति के रूप में सेवा तक के अनुभवों, संघर्षों और उपलब्धियों का ब्योरा है। इस किताब के विमोचन के अवसर पर अपने संबोधन में पीएम मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति की तारीफ करते हुए कहा कि राष्ट्रपति के रूप में उनका मार्गदर्शन और उनका स्नेह, उनकी आत्मीयता मेरी बहुत बड़ी पूंजी रही।

■ उनका संपूर्ण जीवन और संघर्ष दिखा

आत्मीयता बड़ी पूंजी

ट्रायम्फ ऑफ द इंडियन रिपब्लिक: माय लाइफ, माय स्ट्रगल्स



### कोविंद को मुश्किल हालात ने और मजबूत बनाया

पीएम मोदी ने कहा कि मैंने उनके जीवन को जितना समझा है, उनकी कार्यक्षमताओं को जितना जाना है, मैं विश्वास से कह सकता हूं कि रामनाथ कोविंद की आत्मकथा भारतीय लोकतंत्र और भारतीय समाज की धरोहर बनेगी। कोविंद ने छोटी सी उम्र में मां को खो दिया। मैं तो भाग्यशाली रहा हूं कि मेरी मां 100 वर्ष से अधिक जीवित रहीं और मुझे आशीर्वाद देती रहीं, इसके बावजूद मैं मां की कमी महसूस करता हूं। ऐसे हालात में कोई भी टूट सकता है, लेकिन मुश्किल हालात ने उन्हें और मजबूत बनाया।

### रील युग' में रह रहे युवा 'शॉर्टकट' से दूर रहें

प्रधानमंत्री ने युवाओं से आत्मकथाएं पढ़ने और दूसरों के संघर्षों से सीखने की अपील करते हुए कहा कि 'रील के युग' में रह रहे युवाओं को याद रखना चाहिए कि शॉर्टकट आपको नुकसान पहुंचा सकता है।पीएम मोदी ने कोविंद की आत्मकथा के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित किया।

### दृढ़ संकल्प ने सर्वोच्च पद तक पहुंचाया

पीएम मोदी ने कहा कि कोविंद का जीवन दिखाता है कि दृढ़ संकल्प किसी व्यक्ति को मुश्किलों से उबरने और सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचने में कैसे मदद कर सकता है। कोविंद ने किताब को बहुत ही सटीक नाम दिया है। इसका मुख्य संदेश यह है कि भले ही उनका जीवन और उसमें आए संघर्ष व्यक्तिगत थे, पर संघर्षों पर जीत मिलेगी।

### उन्होंने कभी विनम्रता नहीं छोड़ी

पीएम मोदी ने कहा कि मुझे याद है कि प्रधानमंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान मैं उनसे राष्ट्रपति भवन में मिलने जाता था। प्रोटोकॉल के बावजूद, वे अक्सर आम औपचारिकताओं से हटकर बातचीत करते थे। वे प्रधानमंत्री को विदा करने के लिए कार के दरवाजे तक आते थे।

### ऐसे अनेक युवाओं की जरूरत

पीएम मोदी ने कहा कि हमें भविष्य में रामनाथ कोविंद जैसे अनेक युवा चाहिए, जो परेशानियों से परास्त न हों, जो मुश्किलों से मायूस न हों बल्कि अपनी मेहनत से हर मंजिल को आसान बनाने का हौसला रखें। इसी बदलाव से सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प पूरा होगा। यहीं से आत्मनिर्भर और विकसित भारत का रास्ता बनेगा। राष्ट्रपति जैसे पद से सेवामुक्त होने के बाद भी उन्होंने विश्राम नहीं लिया है और वो अभी भी एक देश, एक चुनाव जैसे अहम विषय पर काम कर रहे हैं।

### एक देश-एक चुनाव देश के लोकतंत्र का नया अध्याय होगा

प्रधानमंत्री ने कहा पूर्वजों ने सदियों तक संघर्ष किया। महात्मा गांधी, बाबा साहेब आंबेडकर, ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले... ऐसी कितनी महान विभूतियों ने भारत के नवनिर्माण का सपना देखा था। एक ऐसा भारत जहां गरीब से गरीब, वंचित से वंचित को शिखर तक पहुंचने का अवसर मिले। ऐसे व्यक्तित्वों ने मेहनत, काबिलियत के दम पर न सिर्फ जीवन बदला, सदियों के सपने और विजन को साकार करने में अहम भूमिका निभाई।

### नियुक्ति के मुद्दे पर विवाद

## अलवर में सफाई कर्मियों के समर्थन में धरने पर बैठे मंत्री



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

नगर निगम में सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति के मुद्दे को लेकर बुधवार को विवाद बढ़ गया। वन राज्य मंत्री संजय शर्मा सफाई कर्मचारियों के साथ नगर निगम परिसर में धरने पर बैठ गए। इस दौरान निगम परिसर में भारी हंगामा हुआ। मंत्री ने नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका और जिला प्रशासन के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए उन्हें जमकर फटकार लगाई। सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर चल रहे प्रदर्शन पर माहौल तनावपूर्ण हो गया। मंत्री ने अधिकारियों से शहर की व्यवस्थाओं और राज्य सरकार के निर्देशों की पालना को लेकर भी सवाल किए। शर्मा ने नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका से सीधे सवाल करते हुए पूछा कि वे वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना क्यों कर रहे हैं। वरिष्ठ आईएएस रवि जैन की बात भी नहीं सुन रहे हैं और प्रतीक जूहीकर के निर्देशों की भी पालना नहीं की जा रही।

### दीपके ने किया ऐलान

## जंतर-मंतर सीजन-2 जल्द होगा हॉल मालिकों को हम लटका देंगे



नई दिल्ली। दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के प्रस्तावित सम्मेलन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने दावा किया कि बैठक के लिए हॉल बुक करने के बाद उसके मालिकों को धमकियां दी। उन्हें उल्टा लटका देंगे। उन्होंने घटनाक्रम के लिए भाजपा पर आरोप लगाया। हालांकि, उनके इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।दीपके ने कहा कि सीजेपी को दिल्ली में अपने कार्यकर्ताओं की बैठक करनी थी। इसके लिए पार्टी काफी समय से हॉल की तलाश कर रही थी। उनका दावा है कि कई जगहों पर हॉल देने से इनकार कर दिया गया।

### जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में छात्रों का आंदोलन 19वें दिन भी जारी

## यह एक परीक्षा का नहीं, सारी भर्ती व्यवस्था पर सवाल उठा रहा

### अपनी मांगों को लेकर छात्र सरकार के खिलाफ कर रहे विरोध प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

झारखंड की राजधानी रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में जेपीएससी-जेएसएससी रिफॉर्म मंच के बैनर तले छात्रों का आंदोलन 19वें दिन भी जारी है। छात्र भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, पारदर्शिता की कमी और परीक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग कर रहे हैं। उनकी प्रमुख मांगों में 14वीं जेपीएससीपरीक्षा समेत कुछ परीक्षाओं को रद्द करना और भर्ती प्रक्रिया की स्वतंत्र जांच शामिल है। छात्रों का यह आंदोलन अब सिर्फ एक परीक्षा का मामला नहीं रह गया है, बल्कि यह राज्य की भर्ती व्यवस्था पर युवाओं के भरोसे का सवाल बन चुका है।



### दुबे का सीएम सोरेन पर हमला

## सीबीआई जांच से क्यों डरी सरकार



छात्रों के विरोध-प्रदर्शन को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने राज्य सरकार और सीएम हेमंत सोरेन पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो से नहीं कराना चाहती। दुबे का कहना है कि सरकार को साफ करना चाहिए कि आखिर सीबीआई जांच से उसे आपत्ति क्यों है?

### तिवारी का बड़ा खुलासा



## 150 अभ्यर्थियों से लिया पैसा, आईएएस साथियों का नाम भी आया सामने

इस मामले में टीडीपीएल के पूर्व मार्केटिंग मैनेजर अभय तिवारी से कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। तिवारी ने बताया है कि परीक्षा में 100 से अधिक अभ्यर्थियों को पैसे लेकर पास कराया गया, बैकलॉग परीक्षा में भी 50 अभ्यर्थियों से पैसे लिए गए।

### पुलिसकर्मी के बयान ने खड़ा किया बड़ा सवाल

## चुने तो आप ही हैं...जवाबदेह कौन?

10 अगस्त को एक पुलिसकर्मी और प्रदर्शनकारी के बीच तीखी बातचीत कैद हुई। प्रदर्शनकारी तरफ से कुछ इस अंदाज में कहा जा रहा था कि यही राज दिखाने के लिए चुने थे इसका मतलब यह है कि क्या इसी तरह की व्यवस्था और सरकार दिखाने के लिए वोट दिए थे?

### सुप्रीम कोर्ट में मामला

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह केस को हाईकोर्ट भेजने के संकेत दिए



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को संकेत दिया कि कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद में सभी कृष्ण भक्तों का प्रतिनिधित्व कौन करेगा से जुड़ी याचिका को इलाहाबाद हाई कोर्ट वापस भेज सकता है। शीर्ष अदालत ने इस बात पर गौर किया कि हाई कोर्ट ने अन्य हिंदू पक्षों को नोटिस जारी किए बिना ही एक पक्ष को सभी श्रद्धालुओं का प्रतिनिधि मान लिया था। जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस संजीव सचदेवा की पीठ ने कहा कि आवेदन किसी अन्य विषय के लिए था और सभी वादियों को नोटिस जारी नहीं किए गए थे। हम इस मामले को वापस हाई कोर्ट भेजने के पक्ष में हैं। अब सुनवाई के लिए 2 सितंबर को है।

# आवारा कुत्तों के झुंड ने किसान पर हमला कर किया घायल

अमन लेखनी समाचार



घायल अवस्था में किसान फोटो

लखनऊ। रहीमाबाद-गहदो मार्ग के किनारे तिलन तालाब पर बुधवार को खेत में काम कर रहे किसान पर आवारा कुत्तों के झुंड ने अचानक हमला बोल दिया। कुत्तों ने किसान को घेरकर जमीन पर गिरा दिया और शरीर के कई हिस्सों को नोचकर घायल कर दिया। किसान की चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और लाठी-डंडों की मदद से कुत्तों को खदेड़कर किसान की जान बचाई।

रहीमाबाद के तरौना गांव निवासी किसान बलराम कश्यप (38) ने बताया कि वह बुधवार सुबह तिलन तालाब के पास अपने काम में लगे थे। इसी दौरान अचानक कई आवारा कुत्ते वहां पहुंच गए और उन पर झपट पड़े। देखते ही देखते कुत्तों के झुंड ने उन्हें घेर लिया और जमीन पर गिराकर शरीर के विभिन्न हिस्सों में काटना और नोचना शुरू कर दिया। उन्होंने बचने का काफी प्रयास किया, लेकिन कुत्तों की संख्या अधिक होने के कारण वह खुद को बचाने में असमर्थ रहे। बलराम की चीख सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने लाठी-डंडे लेकर कुत्तों को खदेड़ा, जिसके बाद किसान को उनके चंगुल से बाहर निकाला जा सका। हमले में किसान के शरीर पर कई जगह चोट और नोचने के निशान हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन घायल किसान को आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार कराया गया। घटना के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों में आवारा कुत्तों को लेकर भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से आवारा कुत्तों के झुंड घूम रहे हैं। ये कुत्ते राहगीरों, किसानों और खेतों में आने-जाने वाले लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़वाने और समस्या से स्थायी निजात दिलाने की मांग की है।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी युवक को थाना क्षेत्र से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक बिजनौर थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती ने बीती 3 अगस्त 2026 को बिजनौर थाने में थाना क्षेत्र के कंकड़ कुआं, दुगार्पुरी कॉलोनी सीआरपीएफ चौराहा निवासी अन्नू यादव पुत्र श्याम सिंह यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अन्नू ने शादी का झांसा देकर पीड़िता से कई बार शारीरिक संबंध बनाए। बाद में जब पीड़िता ने शादी के लिए कहा तो आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस उपायुक्त दक्षिणी द्वारा पुलिस की दो टीमें बनाई गईं। पुलिस की दोनों टीमों ने सीसीटीवी कैमरों के अलावा मुखबिर की मदद से बुधवार को आरोपी को थाना क्षेत्र के किसान पथ



स्थित नटकुर अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया। बाद में पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पीड़िता से वर्ष 2023 में मिला था और शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार को उसे जेल भेज दिया है।

# नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

अमन लेखनी समाचार



मृतका नीलम फोटो

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के अहिंडर मजरे में बुधवार सुबह एक नवविवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, मायके पक्ष की ओर से अभी कोई आरोप नहीं लगाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अहिंडर गांव निवासी सीताराम उर्फ गोलू की पत्नी नीलम (24) बुधवार सुबह घर की एक कोठरी में गई थी। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर सास राजेश्वरी ने अंदर जाकर देखा तो नीलम छत की बल्ली के सहारे साड़ी के फंदे से लटकी मिली। यह देखकर सास के होश उड़ गए। उसने तत्काल परिवार के अन्य सदस्यों और पुलिस को सूचना दी। पति के मुताबिक उसकी शादी करीब छह माह पहले 12 फरवरी को अतरौली थाना क्षेत्र के सुआगढ़ गांव निवासी नीलम से हुई थी। सीताराम पुणे के एक होटल में कारीगर का काम करता है। घटना के समय वह पुणे में ही था। सीताराम ने बताया कि मंगलवार रात करीब 10 बजे उसकी पत्नी से फोन पर बातचीत हुई थी। इस दौरान उसने अगले महीने की तीन तारीख को घर लौटने की बात कही थी। बातचीत के बाद दोनों सो गए। बुधवार सुबह उसे पत्नी के फांसी लगाने की सूचना मिली। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणनायक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी मायके पक्ष की ओर से कोई तहरीर या आरोप नहीं लगाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बेकरार करके हमें यू न जाइये...

- जीना इसी का नाम है में सुनाये पुराने गोल्डन गाने

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। रंगयात्रा, लखनऊ द्वारा न अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संसथान में सायं काल संगीत का कार्यक्रम ₹जीना इसी का नाम है₹ प्रस्तुत किया गया। इस संगीत के कार्यकयं में 1970 तक के दशक के फिल्मी गाने गए गए जिनको पूर्व में हेमंत, के एल सहगल, मुकेश, रफी, प्रदीप, शमशाद बेगम, सुरैय्या, टुन टुन, आशा भोसले, मन्ना डे, किशोर कुमार और तलाक महमूद आदि गायको अपनी मधुर आवाज में गया गया था। आज के इस संगीत के कार्यक्रम में अहमदाबाद के शशांक भट्ट, कानपूर की अर्चना पांडेय, लखनऊ के अर्पित मिश्रा,शीलू श्रीवास्तव और नीरजा श्रीवास्तव ने अपनी आवाज में बेकरार करके हमें यू न जाइये, गम दिए, मै क्या जानू, दिल जलता है, किसीकी मुस्कराहट पे, पतली कमर है, दिल में छुपाके, सुहानी रात ढल चुकी अब तुम, पिंजरे के पंछी, आओ बच्चो तुम्हें, आनमेरी जान संडे के संडे, शोला जो भड़के, वन्दे मातरम, ये शमा शमा है, ऐ दिल मुझे, तेरे नैनो ने, बाबूजी धीरे चलना, बरसात में, हवा में उड़ता जाये, आईये मैहर बां, अखिया मिलके, सैया दिल में आना रे, ऐ दिल न होता बेचारा, नखरे वाली, है ऐ है निगाहें, मुड़ मुड़ के न देख, मिलते ही आँखें, छुप छुप के खड़े हो, अफसाना लिख रही हूँ आदि गांव को सुनकर दर्शको का मन मोह लिया। कार्यक्रम में सभी कलाकारों को रंगयात्रा संस्था द्वारा शाल पहनकर सम्मान किया गया।

# मातृशक्तियों ने सनातनी पीली साड़ी में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल की अगुवाई में श्रावणी हरियाली अमावस्या बुधवार 12 अगस्त 2025 को, राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई एवं राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन किया गया।

धर्म और राष्ट्र एक दूसरे के पूरक हैं इसलिए वंदे मातरम-तिरंगा यात्रा, इंदिरा नगर लेखराज मेट्रो स्टेशन के पास स्थित शिव शक्ति शनिदेव मंदिर से आरंभ होकर नीलगिरी चौराहे तक भारत माता की जय और वंदे मातरम जयघोष के साथ निकाली गई। सपना गोयल के अनुसार वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत से राष्ट्र भक्ति की भावना जागृत होती है। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों में देशभक्ति, एकता और स्वाभिमान जगाने वाला सबसे बड़ा प्रेरणास्त्रोत बना था। वर्तमान समय में जब देश 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्यों की ओर बढ़ रहा है, तब



यह गीत नागरिकों में सामूहिक राष्ट्रीय कर्तव्य का भाव जागृत करता है। इसीलिए संसद ने 'राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971' में संशोधन कर इसे राष्ट्रगान 'जन गण मन' के समान ही कानूनी और सांविधिक सुरक्षा प्रदान कर दी है। इसका स्वागत भी इस अवसर पर सपना गोयल की अगुआई में राष्ट्र गीत वंदे मातरम गाकर किया गया। विशिष्ट अतिथि पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता दिलीप श्रीवास्तव ने वंदेमातरम को भारतीय स्वाभिमान का प्रतीक बताया। सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल ने इस अवसर पर बताया कि आगामी 16 अगस्त को हरियाली तीज सनातनी महिलाओं का महा पर्व चिनहट वीमार्ट के पास स्थित रजत डिग्री कॉलेज के सामने बने भव्य सनातन धाम लॉन परिसर में आयोजित किया जा रहा है। मासिक आध्यात्मिक संगोष्ठी के अंतर्गत आयोजित इस समारोह की भव्यता इसी से ज्ञात होती है कि केन्द्रीय आकर्षण जहां भगवान शिव का महा दरबार होगा वहीं झूला उत्सव में हजारों मातृशक्तियां इसमें सावन का पावन झूला भी झूलेंगी। कर्मठ बहनों को हरियाली पर्व के प्रतीक के रूप में सनातनी हरा पटका भेंट किया जाएगा वहीं निःस्वार्थ भाव से बिना किसी अनुदान के समाज सेवा में लगी बहनों का सामाजिक अलंकरण भी किया जाएगा। तिरंगा यात्रा में सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल की अगुआई में मातृशक्तियों का 15 अगस्त के अवसर पर तिरंगा दुपट्टा प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीना नौटियाल, रानी सिंह, विमला देवी, सुमन सिंह, लक्ष्मी सिंह, सभ्या पाण्डेय, सोनी यादव, ममता तिवारी, लिपिका, बेबी सिंह, ममता रावत, किरण रावत, दीक्षा, इंदु सिंह, रूबी सिंह, रीता पाण्डेय सहित अन्य ने उत्साह के साथ सहभागिता की। आगामी 29 अगस्त को वहां 15वां सामूहिक सुंदरकांड पाठ करवाए जाएगा। दूसरी ओर सेवा परमो धर्मः को बीज मंत्र मानते हुए दरिद्र नारायण की सेवा के भाव से जाड़ों में कम्बल वितरण और विभिन्न पावन अवसरों पर भंडारों का आयोजन भी किया जा रहा है।

# गुरु के सान्निध्य से जीवन में ज्ञान, संस्कार का मार्ग प्रशस्त होता है

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उपाध्याय श्री वीहसंत सागर जी महाराज का 43वां अवतरण दिवस लघुधाम परिवार एवं समस्त लखनऊ जैन समाज द्वारा अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर एटा, भिंड, ग्वालियर, कानपुर, आगरा, मैनपुरी सहित विभिन्न जनपदों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं एवं भक्तों ने पूज्य गुरुवर पर पुष्पवर्षा कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान वातावरण पूर्णतः भक्तिमय बना रहा तथा श्रद्धालुओं ने गुरु भक्ति के भावों का उत्साहपूर्वक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सुधीर जैन (मैनपुरी) को पूज्य गुरुवर का चरण प्रक्षालन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आदिश जैन द्वारा शास्त्र दान किया गया। महिला मंडल, आगरा को पूज्य गुरुवर की आरती करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। शिवपुरी एमपी जैन समाज द्वारा पीछी दान, कमंडल दान सुजीत कुमार जैन तथा संजीव जैन बच्चू को पूज्य गुरुवर पर पुष्पवर्षा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इन सभी धार्मिक अनुष्ठानों में उपस्थित श्रद्धालुओं ने अत्यंत उत्साह एवं श्रद्धा के साथ सहभागिता निभाई। अपने मंगल प्रवचन में पूज्य उपाध्याय श्री वीहसंत सागर जी महाराज ने कहा कि उनका जन्मदिवस केवल उत्सव का अवसर न होकर समाज के लिए परोपकार, सेवा एवं जनकल्याण की प्रेरणा का दिवस बने, यही उनकी भावना है। उन्होंने सभी के सुख, शांति एवं कल्याण की मंगलकामना करते हुए धर्म, संयम, सदाचार एवं सेवा के मार्ग पर अग्रसर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष चंद्रप्रकाश जैन के अध्यक्षीय उद्बोधन से हुआ। उन्होंने गुरु की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि गुरु के सान्निध्य से जीवन में ज्ञान, संस्कार एवं आत्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। गुरु ही समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर व्यक्ति अपने जीवन को सार्थक बना सकता है। इस अवसर पर अनेक श्रद्धालुओं ने पूज्य गुरुवर के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित करते हुए उनके दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की मंगलकामना की। कार्यक्रम में भजन, गुरु वंदना एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिल जैन, अखिलेश जैन, अजय जैन, मनोज जैन, शरद जैन, आदेश जैन, वीर कुमारजैन, सिद्धार्थ जैन, कैलाशचंद्र जैन, रितेश जैन, संजीव जैन सहित अनेक श्रद्धालु एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# 21 सौ महिलाएं 16 को बनायेंगी गिनीज विश्व रिकॉर्ड

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। सावन की फुहारों और उल्लास के रंगों में राजधानी लखनऊ 16 अगस्त को विश्व पटल पर अपनी एक नई पहचान बनाएगा। सावन माह के पावन अवसर पर 21 सौ महिलाएं एक साथ हरियाली तीज के गीतों पर थिरककर हरियाला विश्व रिकॉर्ड अपने नाम करेंगी।

यह भव्य आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित अटल प्रेक्षागृह में होगा, जिसकी गूंज दूर-दूर तक सुनाई देगी। इस ऐतिहासिक पल की गवाही देने के लिए अंतरराष्ट्रीय गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स की प्रतिनिधि प्रीति सिंह भी विशेष रूप से लखनऊ पहुंच रही हैं। आयोजन की पूरी जिम्मेदारी संभाल रही संस्था शिवी शिल्पग्राम की अध्यक्ष और मुख्यमंत्री व राज्यपाल से पुरस्कृत महिला उद्यमी पुनीता भटनागर ने पत्रकारों को घर घर हरियाली कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि सावन का महीना हमारी सनातन संस्कृति का उत्सव और उल्लास भरे त्योहारों का महीना है। शिव पूजन के साथ-साथ हरियाली तीज, कजरी और झूले का उल्लास इस महीने की परम्परागत पहचान है। इसी परंपरा को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से यह अनूठा आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता प्रसिद्ध लोक गायिका रीना टण्डन का लाइव प्रस्तुतीकरण होगा। रीना टण्डन अपनी मधुर आवाज में कजरी, सावन और लोकगीतों से पूरे माहौल को उल्लासमय बना देंगी। उनके गीतों पर महिलाएं थिरकती हुई एक साथ विश्व रिकॉर्ड की ओर कदम बढ़ाएंगी। गायिका रीना टण्डन ने बताया कि आयोजन के दिन 16 अगस्त को दिन में 21 सौ महिलाएं एक जैसे हरे परिधान, चूड़ियों और मेहंदी से सज-धजकर सावन के गीतों पर सामूहिक प्रस्तुति देंगी।

हरे-भरे माहौल, पारंपरिक झूलों और लोक धुनों के बीच यह नजारा बेहद मनोहारी होगा। पुनीता भटनागर ने कहा, हमारा प्रयास है कि प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाया जाए और महिलाओं की एकजुटता व शक्ति को दुनिया के सामने लाया जाए। जब 21 सौ महिलाएं एक सुर, एक लय और एक रंग में होंगी तो यह सिर्फ रिकॉर्ड नहीं, बल्कि नारी शक्ति का प्रतीक बनेगा।

# मेरा किरदार परंपराओं को महत्व देता है: उषा बचानी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सोनी सब का शो 'यादें' कॉमेडी और दिलचस्प मेडिकल मामलों के अनोखे मेल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है. जहाँ बदलते रिश्तों और अप्रत्याशित मोड़ों के साथ डॉ. देव मेहता (इकबाल खान) की ज़िंदगी और उलझती जा रही है, वहीं कहानी में एक नया किरदार जुड़ने जा रहा है जो कहानी में एक और भावनात्मक पहलू जोड़ेगा कहानी में अनुभवी अभिनेत्री उषा बचानी 'वर्तिका' के रूप में शामिल हो रही हैं, जिन्हें प्यार से 'आई साहेब' कहा जाता है. वह डिग्गी (अर्जुन पुंज) की माँ हैं—एक शालीन महिला जिनके मूल्य और सिद्धांत बहुत मजबूत हैं और जिनका व्यक्तित्व शांत होने के बावजूद प्रभावशाली है. परंपराओं से गहराई से जुड़ी और अपनी मराठी विरासत पर गर्व करने वाली वर्तिका का मानना ??है कि इंसान का असली चरित्र बड़े-बड़े कामों से नहीं, बल्कि रोजमर्रा के कामों से झलकता है. शांत और निष्पक्ष स्वभाव वाली वर्तिका ईमानदारी, सम्मान और निरंतरता को सबसे ऊपर रखती हैं. अपने बेटे दिग्विजय के साथ उनका गहरा रिश्ता और उनके मजबूत विचार कहानी में अपनापन, भावनाएँ और दिलचस्प पल जोड़ने का वादा करते हैं. उन्हें अपनी बहू से भी काफी उम्मीदें हैं. जब दिग्विजय और डॉ. सृष्टि (गुलकी जोशी) शादी करके अपनी ज़िंदगी का एक नया अध्याय शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं, तब वर्तिका का आगमन उनके जीवन में एक नया और ताजगी भरा मोड़ लाएगा, जिससे दर्शक यह देखने के लिए उत्सुक होंगे कि रिश्ते कैसे आगे बढ़ते हैं अपने किरदार के बारे में बात करते हुए उषा बचानी ने कहा, ₹जब मैंने पहली बार वर्तिका के बारे में पढ़ा, तो मैं तुरंत ही उनकी शालीनता और शांत प्रभाव की ओर आकर्षित हो गई. उनका व्यक्तित्व और लुक दोनों ही बहुत शानदार और अनोखे हैं.

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बीती रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे घायलावस्था में सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक आलमबाग निवासी शैलेंद्र अग्निहोत्री (49) मंगलवार रात करीब 12 बजे कानपुर से बाइक से अपने घर आ रहे थे। तभी बंथरा स्थित कानपुर रोड पर एपेक्स अस्पताल के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। जिससे शैलेंद्र बाइक सहित गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक वाहन सहित फरार हो गया। बाद में सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शैलेंद्र को गंभीर हालत में सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है।


# फिल्म मिर्जापुर को प्रमोट करने लखनऊ पहुंचे अभिनेता अली फजल

- लोकतंत्र में लोगों का अपनी बात रखना जरूरी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अभिनेता अली फजल ने देश के कुछ हिस्सों में चल रहे जेन-जी, युवाओं और छात्रों के विरोध प्रदर्शनों को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। बुधवार को फिल्म मिजार्पुर के प्रचार के लिए लखनऊ पहुंचे अली फजल ने कहा कि विरोध करना हर नागरिक का लोकतांत्रिक अधिकार है और लोगों की आवाज सुनी जानी चाहिए। अली फजल अपने सह-कलाकार दिव्येंदु शर्मा और जितेंद्र कुमार के साथ लखनऊ पहुंचे थे। इस दौरान झारखंड में जारी और हाल में दिल्ली में हुए जेन-जी व छात्र आंदोलनों को लेकर सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में लोगों का अपनी बात रखना जरूरी है।

**लोकतंत्र में आवाजें बुलंद होनी चाहिए:** अली फजल ने कहा कि विरोध करना सभी का लोकतांत्रिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि



यह एक स्वतंत्र और निष्पक्ष देश है और इसमें लोगों के अपनी बात रखने में कुछ गलत नहीं है। उन्होंने कहा कि जो लोग प्रदर्शन कर रहे हैं, वह उनके साथ हैं। लोकतंत्र में ऐसी गतिविधियां होना जरूरी है और लोगों की आवाज बुलंद होनी चाहिए। उनकी बातों को देखा और सुना जाना चाहिए।

**बड़े पर्दे पर लौट रही मिर्जापुर:** चार सितंबर को रिलीज होने वाली मिजार्पुर के साथ इस लोकप्रिय फ्रेंचाइजी की बड़े पर्दे पर शुरूआत हो रही है। फिल्म में अहम भूमिका निभाने वाले अली फजल ने सफल वेब सीरीज पर फिल्म बनाने को एक बड़ा प्रयोग बताया। लंबे समय तक एक ही किरदार निभाने के निजी जीवन पर असर से जुड़े सवाल पर अली फजल ने कहा कि किसी किरदार का कुछ हिस्सा अभिनेता के साथ रह जाता है। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह अपनी पेशेवर और निजी जिंदगी के बीच अंतर बनाए रखने की कोशिश करते हैं।

## लखनऊ से खास जुड़ाव रखते हैं अली फजल

अली फजल ने लखनऊ से अपने जुड़ाव का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि वह लगभग हर महीने लखनऊ आते हैं और उनकी नानी भी यहीं रहती हैं। वहीं फिल्म में मुन्ना भैया का किरदार निभाने वाले दिव्येंदु शर्मा ने बताया कि फिल्म का संबंध मिजार्पुर के पहले सीजन से है। इसमें सीरीज की कुछ सामग्री के साथ नए किरदार भी पेश किए गए हैं। कलाकारों के मुताबिक फिल्म में नए किरदार और नया कथानक होने के बावजूद कहानी अपने मूल किरदारों से जुड़ी रहेगी। इसमें परिवार, भावनाएं, युवा पीढ़ी, गुस्सा, प्यार, एक्शन और बदले का मिश्रण देखने को मिलेगा।

## संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव हिंदूपुर में एक युवक प्रेम शंकर ने मंगलवार देर शाम अज्ञात कारणों से घर में फाँसी के फन्दे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को शव गाँव पहुँचते ही शोक का माहौल बन गया। ग्रामीणों में चर्चा रही कि पति पत्नी के बीच विवाद के कारण प्रेमशंकर तनाव में रहता था। वह मेहनत मजदूरी करके जीवन यापन करता था। शव का अन्तिम संस्कार पड़ोस के गंगा घाट पर कर दिया गया।

### शराब की दुकान पर नशेड़ियों ने बुजुर्ग को पीटा वीडियो वायरल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शहर कोतवाली क्षेत्र के लोधनहार मोहल्ले में आबादी के बीच चल रही शराब दुकान को लेकर स्थानीय लोगों का विरोध अब मारपीट की घटना तक पहुंच गया। मंगलवार देर रात नशे में धुत कुछ युवकों ने एक बुजुर्ग से सड़क पर हाथापाई की। इस पूरी घटना का वीडियो मोहल्ले के लोगों ने मोबाइल में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।वीडियो सामने आने के बाद इलाके के लोगों में आक्रोश है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि दुकान शुरू होने के बाद से आसपास शराबियों की भीड़ लगी रहती है और रोजाना किसी न किसी बात पर झगड़ा होता है। लोगों का कहना है कि रिहायशी क्षेत्र में शराब की दुकान होने की वजह से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं।मोहल्लेवासी दुकान को यहां से हटाने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि लाइसेंस मिलने के बाद से ही इसको लेकर अधिकारियों को शिकायतें दी गई थीं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उनका आरोप है कि दुकान के पास सुबह से देर रात तक लोग शराब पीते रहते हैं, जिससे राहगीरों को परेशानी होती है।मंगलवार रात की घटना के अनुसार नशे में कुछ युवकों और एक बुजुर्ग के बीच कहासुनी हुई। बात बढ़ने पर युवकों ने बुजुर्ग को सड़क पर पीटना शुरू कर दिया। अचानक हुए हंगामे से आसपास अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान कुछ लोगों ने इसका वीडियो बना लिया। वीडियो में युवक बुजुर्ग के साथ मारपीट करते दिख रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकान शुरू होने के बाद से क्षेत्र में झगड़े और अराजकता बढ़ गई है। नशे में लोग गाली-गलौज और मारपीट करते हैं। बुजुर्ग के साथ हुई घटना के बाद लोगों का गुस्सा और बढ़ गया है। उन्होंने मांग की है कि आबादी से दुकान हटाई जाए और मारपीट करने वालों पर कार्रवाई हो।इस मामले में कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि वायरल वीडियो और घटना से जुड़े पहलुओं की जांच की जा रही है। वीडियो में दिख रहे लोगों की पहचान की जा रही है। तहरीर मिलने पर नियम के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# तीन जनपदों के बीच सई तट का प्राचीन भवरेश्वर धाम: द्वापर कालीन शिवलिंग, सावन में लगता है लाखों का मेला

अमन लेखनी समाचार/पथिक पान्डे




पुरवा, उन्नाव। पुरवा तहसील क्षेत्र में सई नदी के पवित्र तट पर स्थित भवरेश्वर महादेव मंदिर तीन जनपदों - उन्नाव, लखनऊ और रायबरेली की सीमा पर स्थित आस्था का प्रमुख केंद्र है। यह स्थान त्रि-जनपदीय संगम होने के कारण ₹त्रिवेणी संगम₹ जैसा महत्व रखता है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भवरेश्वर मंदिर द्वापर काल से जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि महाभारत काल में पांडवों ने अज्ञातवास के दौरान कुछ समय यहां व्यतीत किया था।

सबसे प्रचलित कथा सई नदी से जुड़ी है। स्थानीय बुजुर्गों और पुजारियों के अनुसार जब महर्षि भृगुने तपस्या की थी, तब भगवान शिव ने प्रसन्न होकर अपनी जटा से जलधारा निकाली थी। उसी जलधारा को आज *सई नदी कहा जाता है। नदी तट पर जहां शिवजी ने ध्यान लगाया था वहीं स्वयंभू शिवलिंग प्रकट हुआ। क्योंकि शिवजी ने यहां ₹भ्रमर₹ रूप में तप किया था, इसलिए इस स्थान का नाम भवरेश्वर पड़ा। स्थानीय लोक मान्यता के अनुसार मुगल काल में औरंगजेब के सैनिक जब मंदिरों को तोड़ने निकले थे, तब वे सई नदी तट पर बने इस शिव मंदिर को भी तोड़ने पहुंचे। जैसे ही सैनिकों ने शिवलिंग पर आघात करने की कोशिश की, शिवलिंग के आसपास से हजारों काले भंवरे निकल पड़े। कहते हैं वो भंवरे सैनिकों को काटते-काटते खदेड़ दिया। डरकर सैनिक अपनी जान बचाकर भाग गए और दोबारा इस मंदिर की तरफ नहीं आए।

तभी से भक्त इस शिवलिंग को ₹भवरेश्वर यानी ₹भंवरों के ईश्वर₹ के नाम से पूजते हैं।सई नदी तट मंदिर सई नदी के किनारे ऊंचे टीले पर बना है। सावन में नदी में स्नान करके जलाभिषेक करने की परंपरा है।

स्वयंभू शिवलिंगमंदिर में स्थापित शिवलिंग प्राकृतिक है। काला चिकना पत्थर का शिवलिंग जमीन से थोड़ा ऊपर निकला हुआ है।परिसर में पीपल और बरगद के 200-300 साल पुराने वृक्ष हैं। मान्यता है कि इनकी परिक्रमा से मनोकामना पूरी होती है।चमत्कार और आस्था स्थानीय लोगों का मानना है कि भवरेश्वर धाम पर सच्चे मन से मांगी गई मन्नत जरूर पूरी होती है। निसंतान दंपत्ति यहां विशेष पूजा करते हैं।

तीनों जनपदों के श्रद्धालु यहां आते हैं। उन्नाव से पुरवा, लखनऊ से मोहनलालगंज और रायबरेली से बछरावां होकर श्रद्धालु पहुंचते हैं।

सावन माह में भवरेश्वर धाम पर भारी भीड़ रहती है। प्रत्येक सोमवार को सई नदी से जल भरकर कांवड़िए ₹हर हर महादेव₹ के जयकारों के साथ जलाभिषेक करते हैं। पूरे महीने यहां भंडारा चलता है।

महाशिवरात्रि पर यहां 3 दिवसीय विशाल मेला लगता है। इस दौरान रातभर जागरण, शिव बारात, रुद्राभिषेक और भजन-कीर्तन होते हैं। तीनों जनपदों का प्रशासन संयुक्त रूप से सुरक्षा, प्रकाश और चिकित्सा व्यवस्था करता है।मंदिर समिति द्वारा परिसर में धर्मशाला, शौचालय और पार्किंग की व्यवस्था की गई है। सई नदी पर बने पुल के कारण अब तीनों जनपदों से आवागमन आसान हो गया है। समिति ने सरकार से भवरेश्वर धाम को ₹धार्मिक पर्यटन स्थल₹ घोषित करने की मांग की है ताकि यहां विकास हो सके।

आज भवरेश्वर धाम सिर्फ एक मंदिर नहीं, बल्कि उन्नाव-लखनऊ-रायबरेलीकी साझा आस्था और संस्कृति का प्रतीक है।

हरी कृष्ण मोहन शुक्ला व पथिक पान्डे की पड़ताल में यह सब खबर मन्दिर के पुजारियो और ट्रस्ट के लोगों से यह जानकारी प्राप्त हुई है।

## पीडीए पंचायत का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के रामपुर खरही में आयोजित पीडीए पंचायत में ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए अंकित सिंह परिहार ने कहा कि पीडीए पंचायतों का उद्देश्य समाज के वंचित, शोषित, पिछड़े एवं कमजोर वर्गों को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उनमें राजनीतिक चेतना का संचार करना तथा सामाजिक न्याय और समान भागीदारी के लिए उन्हें संगठित करना है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी की सोच है कि समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर, सम्मान और न्याय मिले। समाजवादी पार्टी सदैव संविधान की मूल भावना एवं सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करती रही है और आगे भी करती रहेगी।इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, गंगा गुलाम शुक्ला, कल्लू शुक्ला बीडीसी, पुत्तन शुक्ला, बचून बाजपेयी, अमरनाथ, पारस, सोहन लाल, झल्लू, सधन बाजपेयी, धर्मेंद्र पटेल, सानिध्य यादव, विमल सैनी, सज्जन शुक्ला, गोवर्धन शुक्ला, सौरभ मिश्रा, अरुणेंद्र यादव आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत असोहा पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

जानकारी के मुताबिक चौकी कालूखेड़ा प्रभारी लालचंद कनौजिया ने हमराह सिपाहियो कांस्टेबल रोहिताश चौधरी वह कांस्टेबल ब्रह्मदत्त के साथ मुकदमा संख्या 219/ 26 धाराएं 64 (1)' 115 (2) 352 व 351 (3) बीएन एस में अभियुक्त शिवदास कोरी पुत्र स्वर्गीय रामस्वरूप उम्र लगभग 55 वर्ष को दिनांक 11 8.26 को कालूखेड़ा असरेन्दा मोड़ से गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया प्रभारी निरीक्षक फूल सिंह ने बताया कि आरोपित मेडिकल परीक्षण कर कर जेल गया।



## शिवमहापुराण कथा का भव्य शुभारंभ, कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। विकास खण्ड कार्यालय परिसर में बुधवार से पावन शिवमहापुराण कथा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ.

श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत कलश यात्रा ब्लॉक परिसर से प्रारंभ होकर शंकरी देवी मंदिर, नाना राव पेशवा मार्ग होते हुए मोटेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का विधिवत पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि एवं लोककल्याण की कामना की.इसके बाद यात्रा पुनः ब्लॉक परिसर पहुंचकर संपन्न हुई।

कलश यात्रा में चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई ह्यराजा बेटाह्ल सहित कार्यक्रम आयोजक, बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे, युवक-युवतियां एवं शिवभक्त शामिल हुए। सिर पर कलश धारण किए महिलाओं की कतार और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय एवं भक्तिमय हो उठा। शिवमहापुराण कथा के आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कथा के शुभारंभ अवसर पर धार्मिक वातावरण में श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम दिखाई दिया।

## बीईओ से शिष्टाचार भेंट कर पदाधिकारियों का कराया परिचय

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। जूनियर शिक्षक संघ हिलौली की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा के नेतृत्व में खण्ड शिक्षा अधिकारी से शिष्टाचार भेंट कर पदाधिकारियों का परिचय कराया। बीईओ ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। बुधवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मौरावां में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ हिलौली की नवनिर्वाचित ब्लाक कार्यकारिणी ने अध्यक्ष प्रदीप नारायण मिश्रा के नेतृत्व में खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार से शिष्टाचार भेंटकर पदाधिकारियों का परिचय कराया। इस दौरान बीईओ सुरेश कुमार ने अध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रदीप नारायण मिश्रा के साथ मंडलीय मंत्री अनिल शुक्ल, महामंत्री शिवाकांत वर्मा, उपाध्यक्ष सुनीता दीक्षित व राकेश कुमार, कोषाध्यक्ष विद्याशंकर मिश्र समेत कई पदाधिकारी व शिक्षक मौजूद रहे।




## घर बुलाकर युवक से मारपीट, हाथ-पैर बांधकर पीटने का वीडियो वयारल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में पड़ोसी द्वारा एक युवक को घर बुलाकर बंधक बनाने और मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपी ने अपने परिवार के साथ मिलकर युवक के हाथ-पैर बांधकर लाठी-डंडों से पिटाई की। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी सामने आया है जिसमें युवक बंधा हुआ दिख रहा है।कप्तान साहब हाता निवासी किशोर वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके पड़ोसी आनंद तिवारी ने उनके बेटे सुमित सिंह को अपने घर बुलाया था। काफी देर तक सुमित के वापस न आने पर पिता उसकी तलाश में निकले। पूछताछ के बाद वह आनंद के घर पहुंचे तो वहां उन्होंने बेटे को बंधा हुआ पाया। आरोप है कि सुमित के हाथ-पैर बांधकर उसकी लाठी-डंडों से पिटाई की जा रही थी।पिता ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। किशोर वर्मा का कहना है कि पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद भी आनंद तिवारी, उसकी पत्नी और मां युवक के साथ मारपीट कर रहे थे। पुलिस ने किसी तरह युवक को छुड़ाकर बाहर निकाला। इसके बाद पीड़ित पिता बेटे के साथ मंगलवार रात करीब 10 बजे गंगाघाट कोतवाली पहुंचे और लिखित शिकायत देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की।इस बीच युवक के हाथ-पैर बंधे होने का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में एक युवक जमीन पर पड़ा दिख रहा है। हालांकि वीडियो कब का है और उसमें दिख रहा युवक सुमित ही है या नहीं, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो की भी जांच की जाएगी। इस मामले में कोतवाली के एसएसआई दिलीप कुमार ने बताया कि पीड़ित के पिता की तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। क्षेत्राधिकारी विनी सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।पुलिस यह पता कर रही है कि युवक को घर क्यों बुलाया गया और उसके साथ मारपीट की वजह क्या थी। घटनास्थल से जुड़े अन्य सबूत भी जुटाए जा रहे हैं। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।वहीं क्षेत्राधिकारी ने यह भी बताया कि पीड़ित युवक नशे का आदी है और उसका इलाज चल रहा है।



## गणतंत्र दिवस को लेकर स्कूलों में तैयारियां तेज




अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। स्कूलों में 15 अगस्त की तैयारी तेज हो गई हैं। माहौल तिरंगामय होता जा रहा है। देशभक्ति के तराने गूंजने लगे हैं। बच्चे भी तैयारी करने में जुटे हैं। गौरी गांव स्थित एमएम पब्लिक स्कूल में स्वाधीनता दिवस को लेकर बच्चे देशभक्ति के गाने पर समूह और एकल नृत्य की तैयारी कर रहे हैं। कुछ बच्चे महान सेनानियों को बलिदान याद करने वाले भाषण याद कर रहे हैं। कुछ बच्चों का देशभक्ति के गीतों का अभ्यास भी चल रहा है। स्वाधीनता दिवस पर स्कूल के बच्चे तिरंगा फहराने के बाद प्रभात फेरी निकलेंगे और देश भक्ति के प्रति जोश जगाने वाले जीत गाएंगे। प्रबंधक गौरव अवस्थी ने बताया कि इस बार स्वाधीनता दिवस अच्छे अंदाज में बनाने की पूरी तैयारी है ताकि बच्चे आजादी के इतिहास से पूरी तरह से परिचित हो सकें।

## युवक ने निगला जहरीला पदार्थ हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा थाना क्षेत्र के गांव कांथा निवासी राम जियावन का 37 वर्षीय बेटा रामबाबू मंगलवार रात लगभग नौ बजे पारिवारिक विवाद के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया।स्वजन आनन फानन उसे लेकर सीएचसी असोहा पहुंचे।जहा डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।पत्नी फूलमती ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ससुर राम जियावन ने 10 लाख रुपए की भूमि बेची थी।जिसपर पति रामबाबू अपने हिस्से के रुपए मांग रहे थे।लेकिन ससुर द्वारा पति को रूपए नहीं दिए जा रहे थे।इसी से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठा लिया।पुलिस मामले की जांच कर रही है।रामबाबू की मौत से पत्नी फूलमती व दो बेटी,एक बेटा बेहाल रहे। एसओ फूल सिंह ने बताया कि प्रथम द्दष्टया पारिवारिक विवाद के चलते आत्महत्या करने की बात सामने आई है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## भाजपा ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा, 'भारत माता की जय' के उद्घोष से गूंजा कस्बा

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा भगवंतनगर विधानसभा के मंडल सुमेरपुर में मंडल अध्यक्ष आशीष बाबा के संयोजन में बुधवार को एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। भगवंतनगर कस्बे के सुप्रसिद्ध मां फूलमती मंदिर से शुरू हुई यह यात्रा देशभक्ति के रंग में पूरी तरह से सराबोर नजर आई। यात्रा के दौरान कार्यकताओं और स्थानीय लोगों के 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के गगनभेदी उद्घोष से पूरा कस्बा गुंजायमान हो उठा।

?क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ल के नेतृत्व में निकाली गई इस तिरंगा यात्रा ने कस्बे के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए भ्रमण किया। हर तरफ तिरंगे लहराते देख स्थानीय नागरिकों में भी भारी उत्साह नजर आया। कस्बे का भ्रमण करने के पश्चात यात्रा 'पतारी इंटर कॉलेज' पहुंची। जहा विद्यालय के संस्थापक एवं महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित मनबोधन लाल बाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और इसके साथ ही तिरंगा यात्रा का समापन हुआ।

इस अवसर पर मुख्य रूप से समीर शुक्ला, सुंदर लाल बाजपेयी, महेश गुप्ता, नरेश मिश्रा,शिव प्रताप सिंह,दुर्गेश गुप्ता, राहुल सिंह, मुरारी शुक्ला, अर्जुन लोधी, प्रभांशू बाजपेयी,अवधेश तिवारी, रमेश चंद तिवारी, शांति सिंह, सावित्री लोधी तथा धुन्नर लोधी, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## चालक को आई झपकी बस हुई दुर्घटनाग्रस्त बाल बाल बची सवारी




अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। चालक को झपकी लगने से सवारी बस अनियंत्रित होकर मध्य डिवाइडर से चढ़कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई गनीमत रही सवारियां बाल बाल बची एक निजी कंपनी की सवारी बस तकरीबन 55 सवारियां लेकर समस्तीपुर बिहार से उदयपुर राजस्थान जा रही थी तभी बुधवार की सुबह करीब 5 बजे बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गांव ढोलौवा के निकट चालक को झपकी लगने से बस अनियंत्रित होकर मध्य डिवाइडर पर चढ़कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई ।हादसे के वक्त सवारियों में अफरा तफरी मच गई गनीमत रही कि वह पलटने से बच गई जिससे सवारियां बाल बाल बच गई।

## मार्ग दुर्घटना में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम बाइक सवार दो युवकों ने गभींर रुप से घायल अधेड को गांव के पास घायल अवस्था में छोड़कर मौके से निकल गए थे जिन्हें इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां डाक्टर ने हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया था जहां इलाज के दौरान अधेड की मौत हो गयी अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के मुंशी खेडा गांव निवासी रमेश 55 मंगलवार की सुबह साइकिल लेकर उन्नाव जाने के लिए निकला था मियागंज चौराहे पर साइकिल खडी कर साधन से उन्नाव गया जहां से देर शाम वापस लौट कर मियागंज चौराहे आया और साइकिल लेकर घर की ओर निकल पडा रास्ते में वह किसी वाहन की टक्कर से घायल हो गया था और सम्पर्क मार्ग के किनारे पडा था तभी उधर से गुजर रहे बाइक सवार युवकों ने बाइक पर बिठा लिया और फिरोज पुर रमई गांव के पास छोड़ कर चले गए थे जिन्हें ग्रामीणों ने मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया था जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी फिरोज पुर रमई गांव के पास से एक रास्ता मुंशी खेडा गांव की ओर जाता है सम्भावना जताई जा रही है कि मार्ग दुर्घटना में अधेड घायल हो गया जिसे बाइक सवार युवकों ने आबादी के पास छोड़ दिया और चले गए मृतक के दो बेटे कुलदीप व संदीप दो बेटियां हीरारानी व रेश्मा सहित मृतक की पत्नी कौशल्या पति की मौत से आहत है इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि सूचना पर शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है और पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



## सम्पादकीय

# सीमा सुरक्षा के साथ सतर्कता भी जरूरी

भारत-पाकिस्तान सीमा पर अमृतसर के दाउके गांव में घुसपैठिए को बीएसएफ द्वारा मार गिराए जाने की घटना एक बार फिर याद दिलाती है कि सीमा सुरक्षा में छोटी-सी चूक भी बड़ी चुनौती का रूप ले सकती है। कंटीली तार के पास संदिग्ध गतिविधि, जवानों की सतर्कता, चेतावनी और उसके बाद हुई फायरिंग पूरी घटना बताती है कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा बलों को हर समय सतर्कता बरतनी पड़ती है। सीमा पर यह घटना ऐसे समय हुई है, जब पाकिस्तान अपनी सैन्य क्षमताओं को तेजी से आधुनिक बनाने में जुटा है। रिपोर्टों के मुताबिक, पाकिस्तान ने भारत से लगे इलाकों में चीन निर्मित एसएच-15 व्हील्ड सेल्फ-प्रोपेल्ड होवित्जर तैनात किए हैं। इनकी संख्या करीब 250 बताई जा रही है, हालांकि इस तैनाती की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन यदि यह आकलन सही है तो इसे केवल हथियारों की खरीद का मामला मानना उचित नहीं होगा। यह चीन और पाकिस्तान के बीच गहरे होते सैन्य एवं रणनीतिक सहयोग का एक और गंभीर संकेत है। एसएच-15 स्वचालित तोप ट्रक चेसिस पर आधारित है और शूट एंड स्कूट क्षमता के कारण गोलीबारी के बाद तेजी से स्थान बदल सकती है। इससे जवाबी गोलाबारी का जोखिम कम होता है। लंबी दूरी तक मार करने वाली ऐसी प्रणालियां सीमा के पास तैनात होने पर किसी भी सैन्य संकट में दोनों पक्षों के लिए प्रतिक्रिया का समय घटा सकती हैं। यही वह पहलू है, जिसे भारत को गंभीरता से देखना चाहिए। चीन-पाकिस्तान सैन्य सहयोग की कहानी नई नहीं है। चीन के लिए पाकिस्तान एक रणनीतिक साझेदार होने के साथ-साथ उसके रक्षा उद्योग के लिए महत्वपूर्ण बाजार भी है, जबकि पाकिस्तान को अपेक्षाकृत कम लागत पर सैन्य आधुनिकीकरण और पश्चिमी देशों पर निर्भरता घटाने का अवसर मिलता है। भारत के लिए चुनौती इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि उसे एक साथ दो सीमाओं पर रणनीतिक परिस्थितियों पर नजर रखनी पड़ती है। पाकिस्तान की बढ़ती आर्टिलरी क्षमता, रॉकेट सिस्टम और अन्य सटीक मारक हथियारों के साथ चीनी तकनीक का मेल भविष्य के किसी संकट में सैन्य गणित को प्रभावित कर सकता है। अमृतसर की घटना इस बड़े परिदृश्य का जमीनी पहलू सामने रखती है। सीमा पर केवल भारी हथियारों की चुनौती नहीं है, बल्कि घुसपैठ, तस्करी, ड्रोन और संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी भी उतनी ही जरूरी है। इसलिए सीमा सुरक्षा को केवल जवानों की संख्या या हथियारों तक सीमित नहीं रखा जा सकता। आधुनिक सेंसर, ड्रोन निगरानी, कैमरा नेटवर्क, बेहतर खुफिया तंत्र और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच तेज सूचना-साझाकरण को और मजबूत करना होगा। भारत को पाकिस्तान की हर गतिविधि पर प्रतिक्रिया देने के बजाय अपनी निवारक क्षमता को इतना मजबूत करना होगा कि किसी भी संभावित दुस्साहस की कीमत स्पष्ट हो। साथ ही, संदिग्ध घुसपैठ की घटनाओं में सख्त कार्रवाई के साथ निष्पक्ष और तथ्यात्मक जांच भी जरूरी है। चीन-पाकिस्तान का बढ़ता सैन्य तालमेल भारत के लिए निश्चित रूप से सतर्क रहने का संकेत है, लेकिन इसे अनावश्यक भय का कारण बनाना भी उचित नहीं। भारत की वास्तविक ताकत उसकी तकनीकी क्षमता, स्वदेशी रक्षा उत्पादन, खुफिया तैयारी और त्वरित प्रतिक्रिया में है। सरहद पर चौकसी जितनी जरूरी है, उतनी ही जरूरी दूरदर्शी रणनीति भी है। सीमा की सुरक्षा केवल कंटीली तार से नहीं, बल्कि मजबूत निगरानी, आधुनिक तकनीक और हर संभावित खतरे के लिए तैयार रणनीति से सुनिश्चित होगी।



शिक्षा के पंचतत्व

प्रो. रमेश चंद्र कुहाड़

प्रश्नपत्र लीक, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं तथा प्रवेश प्रक्रियाओं को लेकर उत्पन्न विवादों ने करोड़ों छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के मन में गहरी चिंता उत्पन्न की है। वर्षों की कठोर साधना, अथक परिश्रम और असंख्य सपनों का भविष्य जब कुछ क्षणों में संदेह के घेरे में आ जाता है, तब सबसे अधिक आहत विद्यार्थी नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता होती है। यह स्थिति केवल प्रशासनिक त्रुटि या तकनीकी विफलता का परिणाम नही, शिक्षा व्यवस्था की संरचना, उत्तरदायित्व और संस्थागत स्वायत्तता पर गंभीर पुनर्विचार का आह्वान भी है। इन चुनौतियों का समाधान केवल कठोर कानूनों, दंडात्मक प्रावधानों अथवा आधुनिक तकनीकी निगरानी में नहीं खोजा जा सकता।

# शिक्षा संस्थानों की अभिरक्षा का पुनर्निर्माण

किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके प्राकृतिक संसाधनों, आर्थिक संपन्नता अथवा तकनीकी प्रगति में नहीं, बल्कि उसकी शिक्षित, जागरूक, नैतिक और उत्तरदायी युवा पीढ़ी में निहित होती है। शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्ति के व्यक्तित्व, समाज की संस्कृति और राष्ट्र के चरित्र का निर्माण करने वाली सबसे प्रभावशाली शक्ति है। इसलिए जब शिक्षा व्यवस्था की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगते हैं, तब संकट केवल किसी परीक्षा, विश्वविद्यालय अथवा संस्था का नहीं होता; वह राष्ट्र के भविष्य, सामाजिक विश्वास और लोकतांत्रिक मूल्यों की विश्वसनीयता का संकट बन जाता है।

हाल के वर्षों में प्रश्नपत्र लीक, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं तथा प्रवेश प्रक्रियाओं को लेकर उत्पन्न विवादों ने करोड़ों विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के मन में गहरी चिंता उत्पन्न की है। वर्षों की कठोर साधना, अथक परिश्रम और असंख्य सपनों का भविष्य जब कुछ क्षणों में संदेह के घेरे में आ जाता है, तब सबसे अधिक आहत विद्यार्थी नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता होती है। यह स्थिति केवल प्रशासनिक त्रुटि या तकनीकी विफलता का परिणाम नहीं है; यह शिक्षा व्यवस्था की संरचना, उत्तरदायित्व और संस्थागत स्वायत्तता पर गंभीर पुनर्विचार का आह्वान भी है। इन चुनौतियों का समाधान केवल कठोर कानूनों, दंडात्मक प्रावधानों अथवा आधुनिक तकनीकी निगरानी में नहीं खोजा जा सकता। स्थायी समाधान तभी संभव है, जब शिक्षा की मूल आत्मा, उसकी संस्थागत संरचना और शैक्षणिक उत्तरदायित्व को पुनः सुदृढ़ किया जाए। शिक्षा की संपूर्ण व्यवस्था पांच आधारभूत तत्व-प्रवेश, पाठ्यक्रम, पढ़ाई, परीक्षा और परिणाम पर आधारित है। यदि इनमें से कोई भी तत्व शिक्षा संस्थानों के नैतिक और शैक्षणिक नेतृत्व से बाहर चला जाता है, तो उत्तरदायित्व का स्वाभाविक क्षरण प्रारम्भ हो जाता है। उत्तरदायित्व का यह विखंडन अंततः पारदर्शिता को कमजोर करता है और वही परिस्थितियां प्रश्नपत्र लीक, अनियमितताओं तथा जनविश्वास के ह्रास जैसी समस्याओं को जन्म देती हैं। वर्तमान समय में शिक्षा व्यवस्था के अनेक महत्वपूर्ण कार्य विभिन्न बाहरी एजेंसियों के बीच विभाजित होते जा रहे हैं। प्रवेश प्रक्रिया कोई संस्था संचालित करती है, प्रश्नपत्र किसी अन्य एजेंसी द्वारा तैयार किए जाते हैं, परीक्षा किसी तीसरे तंत्र के माध्यम से आयोजित होती है और परिणाम भी कई स्तरों की बाहरी व्यवस्थाओं पर निर्भर हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में उत्तरदायित्व का स्पष्ट निर्धारण कठिन हो जाता है। जब उत्तरदायित्व बिखरता है, तब पारदर्शिता और जवाबदेही भी स्वतः कमजोर पड़ जाती है। परिणामस्वरूप किसी त्रुटि अथवा विफलता की स्थिति में दोष तो दिखाई देता है, परंतु उत्तरदायी व्यक्ति या संस्था स्पष्ट रूप से सामने नहीं आती। शिक्षा केवल परीक्षा आयोजित करने की प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है। यह शिक्षक, विद्यार्थी, पाठ्यक्रम, शोध, संवाद, मूल्यांकन और सतत बौद्धिक विकास के बीच निरंतर चलने वाली एक जीवंत प्रक्रिया है।

शिक्षक केवल विषय-विशेषज्ञ नहीं होता; वह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, चरित्र, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्माता होता है। यदि प्रवेश से लेकर परिणाम तक की संपूर्ण प्रक्रिया में शिक्षा



संस्थानों की भूमिका सीमित कर दी जाएगी, तो धीरे-धीरे उनका शैक्षणिक महत्व भी कम होने लगेगा। तब विद्यालय और विश्वविद्यालय केवल भवन बनकर रह जाएंगे, जबकि शिक्षा का वास्तविक केंद्र उनका बौद्धिक वातावरण, नैतिक संस्कृति और अकादमिक परंपरा होती है। निस्संदेह विद्यार्थियों की सुविधा, समान अवसर और राष्ट्रीय स्तर पर एकरूपता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अनेक प्रवेश प्रक्रियाओं का केंद्रीकरण किया गया है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट जैसी व्यवस्थाओं ने विद्यार्थियों का समय, श्रम और आर्थिक व्यय कम करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किंतु अनुभव यह भी दर्शाते हैं कि अनेक विश्वविद्यालयों में अपेक्षित संख्या में विद्यार्थी प्रवेश नहीं ले पा रहे हैं।

परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में सीटें रिक्त रह जाती हैं और बार-बार ओपन काउंसलिंग आयोजित करनी पड़ती है। यह केवल प्रवेश प्रक्रिया का प्रश्न नहीं, बल्कि संस्थागत उत्तरदायित्व, स्थानीय शैक्षणिक आवश्यकताओं और विश्वविद्यालयों की सक्रिय भूमिका से भी जुड़ा विषय है। अतः आवश्यकता किसी एक छोर पर खड़े होकर केंद्रीकरण या विकेंद्रीकरण का समर्थन करने की नहीं, बल्कि संतुलित और उत्तरदायी व्यवस्था विकसित करने की है। यदि राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाएं आवश्यक समझी जाती हैं, तो भी प्रवेश प्रक्रिया के अंतिम चरणों, विषय चयन, शैक्षणिक परामर्श और प्रवेश प्रबंधन में विश्वविद्यालयों की भूमिका अधिक सशक्त होनी चाहिए। इससे शिक्षा के प्रथम पंचतत्व, प्रवेश का स्वाभाविक संबंध पुनः शिक्षा संस्थानों से स्थापित होगा। इसी प्रकार यदि सरकार व्यावसायिक पाठ्यक्रमों, सिविल सेवाओं अथवा अन्य राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रवेश परीक्षाओं की व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक समझती है तो उनकी शैक्षणिक विश्वसनीयता, गोपनीयता, निष्पक्षता और शुचिता का नेतृत्व शिक्षा संस्थानों तथा अनुभवी शिक्षकों के हाथों में होना चाहिए। आधुनिक तकनीक, सूचना-प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ, प्रशासनिक अधिकारी और सुरक्षा एजेंसियां इस प्रक्रिया के आवश्यक सहयोगी अवश्य हों, किंतु परीक्षा की शैक्षणिक आत्मा का केंद्र शिक्षक ही रहना चाहिए। एक विश्वसनीय परीक्षा प्रणाली केवल तकनीकी दक्षता से निर्मित नहीं होती। उसके लिए शिक्षकों, प्रशासकों, सूचना-प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों तथा सहयोगी कर्मचारियों के समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। फिर भी उसकी शैक्षणिक विश्वसनीयता का मूल आधार शिक्षक ही होता है। शिक्षक के लिए शिक्षण केवल आजीविका नहीं, बल्कि ज्ञान, चरित्र और समाज के प्रति आजीवन नैतिक उत्तरदायित्व है। यदि हमें प्रश्नपत्र लीक जैसी घटनाओं पर स्थायी नियंत्रण स्थापित करना है, प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता पुनः स्थापित करनी है और समाज का विश्वास सुदृढ़ करना है, तो शिक्षा के पंचतत्व -प्रवेश, पाठ्यक्रम, पढ़ाई, परीक्षा और परिणाम को पुनः शिक्षा संस्थानों की अभिरक्षा, उत्तरदायित्व और नैतिक नेतृत्व में प्रतिष्ठित करना होगा।

यही शिक्षा की गरिमा, शिक्षक की प्रतिष्ठा और विद्यार्थी के उज्ज्वल भविष्य की सबसे सुदृढ़ आधारशिला है। भारत यदि ज्ञान-आधारित, नवाचारी और विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प रखता है, तो उसे शिक्षा को केवल प्रशासनिक व्यवस्था नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चरित्र निर्माण की सर्वोच्च संस्था के रूप में देखना होगा। प्रवेश, पाठ्यक्रम, पढ़ाई, परीक्षा और परिणाम- ये पांचों पंचतत्त्व तभी अपनी पूर्ण सार्थकता प्राप्त करेंगे, जब उनका संचालन उत्तरदायी, स्वायत्त और नैतिक शैक्षणिक नेतृत्व के अंतर्गत होगा। यही शिक्षा की विश्वसनीयता, शिक्षक की गरिमा, विद्यार्थी के भविष्य और राष्ट्र के ज्ञान-आधारित विकास की सबसे सुदृढ़ आधारशिला है।

## मेटा पर सख्ती

डॉ. मोनिका शर्मा



# सुरक्षा-सम्मान से जुड़ी जवाबदेही लेनी होगी

मौजूदा दौर में हर मोर्चे पर डिजिटल होते जीवन में भी वर्चुअल प्लेटफॉर्म्स नियमों से परे नहीं हो सकते। विशेषकर नागरिकों और देश की सुरक्षा के मामले में कोई समझौता नहीं किया जा सकता। हाल ही में भारत सरकार ने मेटा के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में यही बात स्पष्ट रूप कही है कि देश में काम करने वाले सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म को भारतीय कानूनों का पालन करना होगा। ध्यातव्य है कि सरकार द्वारा मेटा कंपनी से एआई, डीपफेक, बाल यौन शोषण सामग्री और कंटेंट मॉडरेशन पर भी जवाब मांगा गया है। आईटी नियमों को और सख्त करने का प्रस्ताव रखने के साथ ही कई अहम मुद्दों पर विस्तार से हुई चर्चा के बाद मेटा ने यह भी स्वीकार किया कि बहुत सारा गैरकानूनी कंटेंट प्रमोट किया गया और खास ऑडियंस के लिए पेड प्रमोशन किए गए। ज्ञात हो कि इन्हीं दिनों फेसबुक और इंस्टाग्राम की मनमानियों पर अमेरिकी अदालत ने भी एक अहम निर्णय दिया है। बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य से खिलवाड़ और सुरक्षा में गंभीर चूक के बाद मेटा को अरबों रुपये का हर्जाना भरने का आदेश दिया गया है। यह सख्त निर्णय इस कंपनी द्वारा अपने फायदे के लिए बच्चों की सुरक्षा, गोपनीयता और मानसिक सेहत को पूरी तरह दरकिनार करने के गंभीर आरोपों के बाद आया है गौरतलब है कि व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम एवं फेसबुक की मूल कंपनी मेटा ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फेसबुक पोस्ट को भी कुछ समय के लिए हटाने के साथ-साथ बच्चों के यौन शोषण वाले कंटेंट, डीपफेक और बहुत सारा पैसा लेकर कुछ खास सामग्री को बढ़ावा देने जैसी खामियों के लिए माफी मांगी है। ज्ञात हो कि जेन जी आंदोलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा युवाओं से की गई अपील वाले वीडियो संदेश मेटा ने हटा दिया था। मोदी की पोस्ट को तकनीकी समस्या (ऑटोमेटेड फ़िल्टर की त्रुटि) को इसका कारण बताकर कुछ देर बाद बहाल कर दिया था। वहीं न्यू मैक्सिको की एक शीर्ष अदालत के बाद अमेरिका में भी मेटा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जुकरबर्ग ने सार्वजनिक रूप से गलती मानते हुए प्लेटफॉर्म पर चाइल्ड सेक्सुअल अब्यूज से जुड़ी सामग्री को रोकने में व्यवस्थागत असफलता की बात स्वीकार की है। साथ ही इस लापरवाही के लिए सुरक्षा प्रणालियों को बेहतर बनाने का आश्वासन भी दिया है। दरअसल, बात माफी मांगने से कहीं ज्यादा जवाबदेही लेने की है। इसके लिए कड़े नियम भी जरूरी हैं और मेटा कंपनी में दायित्वबोध का भाव भी। हालिया वर्षों में देश में होने वाली राजनीतिक घटनाएं हों या चर्चित चेहरों जुड़ा कंटेन्ट। बाल यौन शोषण से जुड़ी सामग्री हो या कंटेंट मॉडरेशन अपने फायदे के अनुसार नकारात्मक सामग्री को बढ़ावा देने की प्रवृत्ति स्पष्ट दिखती है। यही वजह है कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी सोशल मीडिया कंपनी मेटा को कथित पोर्नोग्राफ़ी और अनुचित आयुवर्ग से संबन्धित सामग्री अपने प्लेटफॉर्म पर दिखाने के विरुद्ध नोटिस जारी किया है। इसका सीधा सार अर्थ है कि इन प्लेटफॉर्म पर पॉक्सो कानून का उल्लंघन किया जा रहा है। ज्ञात हो कि यह नोटिस इंस्टाग्राम और फेसबुक पर चाइल्ड सेक्सुअल अब्यूज मटेरियल की श्रेणी के तहत आ सकते हैं। ज्ञात हो कि 2025 में भी सोशल मीडिया पर बच्चों के अश्लील वीडियो परोसे जाने को लेकर सरकार ने आपत्ति जताई गई थी। बावजूद इसके ऐसी सामग्री को लेकर लापरवाही जारी है। समझना मुश्किल नहीं कि हमारे देश में ही नहीं, दुनिया भर में एल्गोरिदम का खेल खेलने वाली टेक कंपनी मेटा के सभी मंचों पर मुनाफे की सोच हावी है। विचारणीय है कि हमारे देश में सोशल मीडिया पर परोसी या प्रमोट की जाने वाली सामग्री से कई चिंताएं और चुनौतियां जुड़ी हैं। भारत में अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे व्हाट्सएप पर करीब 56 करोड़, यू-ट्यूब पर करीब 50 करोड़, इंस्टाग्राम पर 48 करोड़, फेसबुक पर 40 करोड़, स्नैपचैट पर 21 करोड़ और एक्स पर 2 करोड़ से ज्यादा उपयोगकर्ता हैं। इनमें यूजर्स में युवाओं की संख्या ज्यादा है। अकेले इंस्टाग्राम पर 18 से 24 आयु वर्ग के 64 प्रतिशत युवा हैं। ऐसे में यहां साझा की जा रही सामग्री न केवल देश की बड़ी आबादी को प्रभावित करती है

## जब मन अशांत हो, इष्टदेव के मंत्रों का करें जप



संकलित

दर्शन

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## कपड़े की उपयोगिता दिखावे के लिए नहीं



संकलित

प्रेरणा

संत कबीर रोज अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। कबीर जी के उपदेश सुनने एक धनी व्यक्ति भी आता था। धनी व्यक्ति कबीर दास जी से बहुत प्रभावित था। एक दिन उस धनी व्यक्ति ने देखा कि कबीर दास जी जो कुर्ता पहनते हैं, वह बहुत पुराना हो गया और कुर्ता बहुत ही सामान्य कपड़े से बना था। अगले दिन धनी व्यक्ति एक मूल्यवान कुर्ता लेकर पहुंचा और कबीर दास को उपहार में दे दिया। कुर्ता मखमल से बना था। बाहर की ओर से कुर्ता मखमली था और अंदर की ओर उसमें सामान्य कपड़ा लगा था। धनी व्यक्ति ने सोचा था कि अब कबीर दास जी उसका दिया हुआ कुर्ता पहनेंगे। अगले दिन जब वह व्यक्ति फिर से कबीर दास जी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कबीर जी ने उल्टा कुर्ता पहना है। दरअसल, कबीर दास जी के कुर्ते का मलमल वाला हिस्सा अंदर की ओर था और बाहर सामान्य कपड़ा दिख रहा था। उस धनी व्यक्ति ने कबीर जी से पूछा कि ये आपने क्या किया? आपने तो कुर्ता उल्टा पहना है? सभी लोगों ने भी कबीर दास जी से पूछा कि कुर्ता मूल्यवान है तो आपने इसे उल्टा क्यों पहना है? कबीर जी ने कहा कि ये कुर्ता देखकर मैंने सोचा कि मखमल शरीर को स्पर्श होगा तो शरीर को ज्यादा बेहतर लगेगा, क्योंकि ये कपड़ा तो शरीर के लिए ही हैं। दिखाने के लिए तो साधारण हिस्सा ही काफी है। दूसरों को हमारे कपड़ों से क्या लेना-देना?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### गांव की हर चीज चाहिए लेकिन गांव नहीं चाहिए

यह एक साधारण-सा वाक्य नहीं, बल्कि आधुनिक भारतीय समाज की बदलती मानसिकता का सटीक चित्रण है। हम गांव के शुद्ध दूध की बात करते हैं, देसी घी की प्रशंसा करते हैं, जैविक अनाज खरीदने के लिए अधिक कीमत चुकाने को तैयार रहते हैं, गांव के फलों और सब्जियों को स्वास्थ्य का आधार मानते हैं, गांव की संस्कृति, लोकगीत, लोकनृत्य और पारंपरिक जीवन को अपनी पहचान बताते हैं, लेकिन जब स्वयं गांव में रहने की बात आती है तो अधिकांश लोग उससे दूरी बनाना चाहते हैं। यह विरोधाभास केवल जीवन-शैली का नहीं, बल्कि विकास की हमारी अवधारणा का भी प्रश्न है। भारत को सदियों से गांवों का देश कहा जाता रहा है। आज भी देश की बड़ी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। हमारी अर्थव्यवस्था की नींव कृषि पर टिकी है और कृषि गांवों के बिना संभव नहीं है।

*- धर्मपाल छिकारा, गोहाना*

## ट्रेंड

### गर्व का पल



भारतीय खेलों के लिए गर्व का पल, जब हमारे युवा एथलीटों ने वैश्विक मंच पर शानदार प्रदर्शन किया ! बसंत का हाई जंप में भारत का पहला मेडल और शाहनवाज का ब्रॉन्ज मेडल, हमारे रक्षा बलों के समर्पण, अनुशासन की मिसाल हैं।

- **राजनाथ सिंह**, रक्षामंत्री

### रोशनी की मशाल



सिस्टम की फैलाई गई अंधेरी फिजा के बीच, देश के छात्रों ने अपने डर का सामना किया और रोशनी की मशाल जलाई है। अब समय आ गया है कि बीजेपी-आरएसएस और अडानी के सिस्टम को 'टाटा-बाय-बाय' कहकर खत्म कर दिया जाए।

- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### 'हर घर तिरंगा' अभियान



'हर घर तिरंगा' अभियान हर व्यक्ति तक देशभक्ति की भावना पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बन रहा है। आइए, हम सब उत्साह के साथ इस अभियान से जुड़ें और 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

- **नितिन नबीन**, अध्यक्ष, भाजपा

### कानून-व्यवस्था कमज़ोर



पश्चिम बंगाल में विपक्षी नेताओं को डराने और उन पर हमला करने के लिए सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी ने जान-बूझकर कानून-व्यवस्था को कमजोर किया है। जैसे-जैसे मोदी सरकार की लोकप्रियता घट रही है, बीजेपी की हताशा बढ़ती जा रही है।

**-अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# चीन में सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भूमिका घटी

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) महिलाओं के अधिकारों की रक्षा को लंबे समय से अपनी उपलब्धियों में से एक बताती रही है। हालांकि, विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि चीन में हाल के वर्षों में सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भूमिका घटी है, खासकर राजनीतिक और नीतिगत नेतृत्व में शीर्ष स्तरों पर। चीन में सत्तारूढ़ सीपीसी ने लैंगिक समानता के लिए एक मार्गदर्शक सिद्धांत के तौर पर दशकों से माओ जेदोंग के इस प्रसिद्ध नारे को बढ़ावा दिया है कि महिलाएं आधा आसमान थमे हुए हैं।



## ऑफ बीट

# स्मार्ट चश्मे जिंदगी का हिस्सा बन रहे, खत्म होगी निजता

ऑस्ट्रेलिया की सड़कों पर ऐसे चश्मा पहने लोग अच्छी खासी संख्या में दिख जाएंगे जिससे वे आसपास की तस्वीरें और वीडियो बेहद सहजता से रिकॉर्ड कर सकते हैं। इसकी बड़ी वजह 'केमार्ट' है, जिसने हाल में सस्ते /"कैमरा वाले चश्मे/ बाजार में उतारे हैं और ये देखते ही देखते बिक गए हैं। ये चश्मे 'केमार्ट' के अपने ब्रांड 'आंको' के हैं जिनकी कीमत महज 89 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर है, जबकि 'मेटा' और 'रे-बैन' के इसी तरह के उत्पादों की कीमत 337 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर से शुरू होती है। 'कैमरा वाले चश्मे' को बड़े उपभोक्ता चलन में बदलने की इस कोशिश की एक कीमत है और वह कीमत चश्मा पहनने वाले की ही नहीं, बल्कि उसके आसपास मौजूद



## संक्षेप

### मोबाइल चोर गिरफ्तार

**दुकान से चोरी कर भाग रहा था, दुकानदार ने दौड़ाकर पकड़ा; पहले से 12 मुकदमे दर्ज**

अमेठी, जामो थाना क्षेत्र में पुलिस ने मोबाइल चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी दुकान से मोबाइल चोरी कर भाग रहा था, लेकिन दुकानदार ने उसका पीछा कर उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में पहले से 12 मुकदमे दर्ज हैं ।घटना 9 अगस्त की रात करीब 8 बजे बलभद्रपुर चौराहे स्थित एक किराना दुकान पर हुई। लाला का पुरवा मजरे बलभद्रपुर निवासी बृजेश कुमार पुत्र स्वर्गीय मनीराम दुकान से मोबाइल चोरी कर भागने लगा। दुकान मालिक रामकुमार पुत्र रामेश्वर प्रसाद ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। रामकुमार ने आरोपी को लिखित प्रार्थना पत्र के साथ जामो पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान बृजेश कुमार के कब्जे से चोरी का रेडमी एआई एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया। तहरीर के आधार पर जामो थाने में धारा 303(2) और 317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया ।पहले से 12 मुकदमे दर्जपुलिस पूछताछ और रिकॉर्ड की जांच में सामने आया कि बृजेश कुमार के खिलाफ गौरीगंज, मुंशीगंज, जायस और जामो थानों में पहले से 12 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, चोरी, मारपीट और आबकारी अधिनियम से जुड़े मामले शामिल हैं ।पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुरेश मौर्या और कांस्टेबल अनुज कुमार शामिल रहे। पुलिस ने बरामद मोबाइल को कब्जे में लेकर मामले में आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जिले में अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### विसेशरगंज-सैठा मार्ग पर झाड़ियों का कब्जा

**सड़क 8 फीट सिमटी, हादसों का खतरा बढ़ा, सफाई की मांग**

अमेठी , विसेशरगंज-सैठा मुख्य मार्ग पर घनी झाड़ियों के कारण राहगीरों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। लगभग 10 किलोमीटर लंबा यह मार्ग दोनों तरफ से झाड़ियों से घिरा है, जिससे सड़क की चौड़ाई घटकर मात्र 8 फीट रह गई है। इससे हादसों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। यह मार्ग विसेशरगंज से सैठा को जोड़ता है और वर्तमान में झाड़ियों से अटा पड़ा है।सड़क इतनी संकरी हो गई है कि दो वाहनों का एक साथ गुजरना मुश्किल हो गया है।विशेषकर घुमावदार मोड़ों पर सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते, जिससे टक्कर की आशंका बनी रहती है।सुबह-शाम स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राएं, स्थानीय निवासी और मरीजों को ले जाने वाले वाहन भी इसी रास्ते से गुजरते हैं।संकरी सड़क और खराब दृश्यता के कारण उन्हें धीमी गति से हॉर्न बजाते हुए निकलना पड़ता है, जिससे समय और सुरक्षा दोनों प्रभावित होते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) से इस संबंध में शिकायत की है। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बरसात के मौसम में झाड़ियां और अधिक घनी हो गई हैं।

# कैसरगंज में गूंजा देशभक्ति का जज्बा, भाजपा कार्यालय से ब्लॉक परिसर तक निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**अमन लेखनी समाचार**



कैसरगंज, बहराइच। आजादी के गौरव और राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कैसरगंज में भाजपा कार्यालय से ब्लॉक परिसर कैसरगंज तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई।हाथों में तिरंगा लेकर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं एवं क्षेत्रीय लोगों ने यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा मार्ग देशभक्ति के नारों और तिरंगे की शान से सराबोर नजर आया।तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि गौरव वर्मा, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी भाजपा कैसरगंज, संदीप सिंह भिसेन, ब्लॉक प्रमुख कैसरगंज, डॉ. अरविंद कुमार सिंह, शिवानंद सिंह, मंडल अध्यक्ष, शिव सहाय सिंह ह्यमुनि जीह्न सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे। यात्रा के दौरान कार्यकताओं ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश देते हुए लोगों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व के प्रति जागरूक किया।तिरंगा यात्रा जिस मार्ग से गुजरी, वहां लोगों ने उत्साह के साथ यात्रा का स्वागत किया। हाथों में लहराते तिरंगे और देशभक्ति के नारों से वातावरण पूरी तरह राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत दिखाई दिया। आयोजकों ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और देश की आजादी के संघर्ष को याद करते हुए हर नागरिक को राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए। भाजपा कार्यालय से शुरू हुई यह तिरंगा यात्रा ब्लॉक परिसर कैसरगंज पहुंचकर सकुशल संपन्न हुई। यात्रा के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक इंतजाम किए गए थे। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# कैसरगंज में वन्यजीवों से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मल्लाहनपुरवा में ग्रामीणों को बताए वन्यजीवों से बचाव के उपाय, नियमों के पालन का दिलाया भरोसा**

**अमन लेखनी समाचार**



कैसरगंज, बहराइच। वन्यजीवों से बचाव एवं उनकी सुरक्षा को लेकर बुधवार को गड़हिया नंबर-3 के ग्राम मल्लाहनपुरवा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आसपास के मजरे के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। इस दौरान उप जिलाधिकारी कैसरगंज प्रशांत कुमार नायक ने ग्रामीणों को वन्यजीवों से सुरक्षित रहने के साथ-साथ उनके संरक्षण को लेकर आवश्यक जानकारी दी।एसडीएम ने ग्रामीणों से अपील की कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार के वन्यजीव दिखाई देने पर घबराने के बजाय तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचना दें। उन्होंने वन्यजीवों के साथ छेड़छाड़ न करने तथा प्रशासन द्वारा बताए गए सुरक्षा नियमों का पालन करने की बात कही। ग्रामीणों को वन्यजीवों से होने वाले संभावित खतरे और उनसे बचाव के तरीकों के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन की ओर से बताए गए नियमों और दिशा-निदेर्शों का पालन करने का भरोसा जताया। ग्रामीणों ने कहा कि वन्यजीवों की सुरक्षा के साथ-साथ ग्रामीणों की जान-माल की सुरक्षा भी बेहद जरूरी है और इसके लिए प्रशासन का सहयोग किया जाएगा। इस मौके पर राजस्व कर्मचारी, हल्का लेखपाल, कानूनगो, ग्राम प्रधान, गांव के संभ्रांत नागरिक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में वन्यजीवों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को रोकना रहा।

# इंडियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस पर रुपईडीहा में हुआ जनकल्याणकारी कार्यक्रम

**120 पौधे रोपे, 200 महिलाओं को मिली स्वास्थ्य किट, युवाओं को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ**

**अमन लेखनी समाचार**

**मोहम्मद कौसर**



रुपईडीहा,बहराइच। इंडियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस के अवसर पर रुपईडीहा शाखा द्वारा पर्यावरण संरक्षण, महिला स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति को लेकर विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पर्यावरण संरक्षण से हुई। बैंक के 120 ग्राहकों के नाम पर 120 पौधों का रोपण किया गया। इसका उद्देश्य ग्राहकों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का अहसास कराना था। महिला स्वास्थ्य एवं पोषण को बढ़ावा देने के लिए 200 कुपोषित महिलाओं को स्वास्थ्य किट वितरित की गई।इस दौरान महिलाओं को पोषण, स्वच्छता और बेहतर जीवनशैली के बारे में जागरूक किया गया। युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने के लिए नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर जोनल मैनेजर के.सी. साहू, डिप्टी जोनल मैनेजर चक्रपाणि द्विवेदी, मुख्य प्रबंधक अराधना सिंह, लैंड पोर्ट एडमिनिस्ट्रेटर तरनजीत सिंह व डॉ. अक्षय सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैंक अधिकारियों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा।

# रुपईडीहा ICP रोड पर रात में नेपाली युवतियों की मौजूदगी से उठे सवाल

**अमन लेखनी समाचार**

**मोहम्मद कौसर**



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा से सटे रुपईडीहा इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (ICP) रोड पर रात के समय कुछ नेपाली युवतियों के घूमने और बैठने का मामला स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। सामने आई तस्वीरों में युवतियां रात के समय ICP रोड और उसके आसपास दिखाई दे रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीमा क्षेत्र होने के कारण रात में इस तरह की गतिविधियों पर संबंधित सुरक्षा एजेंसियों और पुलिस को विशेष निगरानी रखनी चाहिए। लोगों ने आशंका जताई है कि आर्थिक मजबूरी, नशे की लत अथवा संभावित शोषण जैसी परिस्थितियों के कारण कुछ युवतियां देर रात तक सीमा क्षेत्र में रह सकती हैं।

हालांकि, इन युवतियों के संबंध में किसी अवैध गतिविधि की पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच आवश्यक है, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके और किसी निर्दोष व्यक्ति पर गलत आरोप न लगे।

स्थानीय लोगों ने रुपईडीहा पुलिस तथा सीमा सुरक्षा से जुड़े संबंधित अधिकारियों से ICP रोड और आसपास के क्षेत्रों में रात्रि गश्त एवं निगरानी बढ़ाने की मांग की है। यदि जांच के दौरान कोई संदिग्ध अथवा गैरकानूनी गतिविधि सामने आती है तो नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की अपेक्षा जताई गई है।

# रूपईडीहा में निकली तिरंगा पदयात्रा, स्कूली बच्चों ने बढ़ाया उत्साह

**अमन लेखनी समाचार**

**मोहम्मद कौसर**



रूपईडीहा, बहराइच। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार सुबह रूपईडीहा में तिरंगा पदयात्रा का आयोजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष महाराजदीन वर्मा के नेतृत्व में आयोजित पदयात्रा को पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज हरीश चंद्र उर्फ बंटू भइया ने झंडी दिखाकर रवाना किया ।पदयात्रा श्री राम जानकी इंटर कॉलेज से सुबह करीब नौ बजे शुरू हुई। इसमें राम जानकी इंटर कॉलेज तथा आचार्य रमेश चंद्र गर्ल्स इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लेकर निकले विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारों के साथ माहौल को राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कर दिया ।तिरंगा पदयात्रा नेशनल हाईवे-927 से होते हुए रूपईडीहा थाना पहुंची, जहां से सरस्वती विद्या मंदिर पहुंचकर इसका समापन हुआ।पदयात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रूपईडीहा पुलिस भी मौजूद रही। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक यशपाल, सभासद रतन अग्रवाल, सभासद पार्वती वर्मा, काली प्रसाद गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेंद्र पाठक, अजय मिश्रा, ललित त्रिपाठी, राजेंद्र सिंह, भीमसेन मिश्रा, विजय सिंह, आनंद प्रताप श्रीवास्तव तथा प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा हरेंद्र मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर निकली भव्य पैदल तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के रंग में रंगा मटेरा

**अमन लेखनी समाचार**



बहराइच। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मटेरा थाना क्षेत्र के सांतवा समय मंदिर से भव्य पैदल तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि करणवीर सिंह के नेतृत्व में निकाली गई इस यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, बच्चे, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के जयघोष के साथ यात्रा अमरीश मित्तल उर्फ डब्बू भैया के गोदाम तक पहुंची ।तिरंगा यात्रा के दौरान मटेरा थाना प्रभारी हरिकेश सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था संभाली। यात्रा में बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने माहौल को देशभक्ति से भर दिया। ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया।इस अवसर पर , कुश शुक्ला मंडल अध्यक्ष मटेरा, समाजसेवी शिवेंद्र ठाकुर, अमरीश मित्तल, राजेश निगम, स्वाति तिवारी, निलेश मिश्रा अमूल मोदनवाल, आयुष अग्रवाल, लीलाधर पांडे, सत्येंद्र मिश्रा, विक्की यादव, शिव गोपाल साहू, बृजलाल वर्मा, मनोज सिंह, आलोक अग्रवाल ,बालक रामगिरी, सरदार अमरजीत सिंह, सरदार अमरीक सिंह, धर्मेंद्र कश्यप,शीतला प्रसाद लोधी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

तिरंगा यात्रा के माध्यम से लोगों ने देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले वीर सपूतों को नमन किया और राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया।

# मुठभेड़ में 4 गौकश अरेस्ट, 3 के पैर में लगी गोली

**इंस्पेक्टर की बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी गोली; हथियार बरामद**

**अमन लेखनी समाचार**



अलीगढ, गभाना थाना क्षेत्र में देर रात पुलिस और कथित गौकशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस के मुताबिक, सोमना नहर के पास चेकिंग के दौरान कार सवार संदिग्धों ने बैरियर तोड़कर भागने की कोशिश की। पीछा करने पर उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में तीन आरोपियों के पैर में गोली लगी, जबकि चौथे आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों की ओर से चलाई गई एक गोली गभाना इंस्पेक्टर मनोज कुमार की बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी। जैकेट होने की वजह से वह सुरक्षित बच गए। इसके बाद पुलिस और क्रिमिनल इंटेलिजेंस विंग की संयुक्त टीम ने चारों आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस ने तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

### चेकिंग के दौरान बैरियर तोड़कर भागे आरोपी

पुलिस के मुताबिक, सोमवार आधी रात सोमना नहर के पास वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध कार को रोकने का प्रयास किया गया। आरोप है कि कार सवारों ने बैरियर तोड़ दिया और तेज रफ्तार में भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा किया तो आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में तीन आरोपियों के पैर में गोली लगी, जबकि चौथे आरोपी को घेरकर गिरफ्तार कर लिया गया।

इंस्पेक्टर की जैकेट में लगी गोली, बची जान मुठभेड़ के दौरान बदमाशों की ओर से चलाई गई एक गोली गभाना इंस्पेक्टर मनोज कुमार की बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी। पुलिस के मुताबिक, जैकेट की वजह से उनकी जान बच गई। इसके बाद पुलिस ने चारों आरोपियों को काबू कर लिया।

### तीन सगे भाई समेत चार आरोपी गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रायट गांव, थाना लोधा निवासी दिलशाद, अजमत, करूआ उर्फ नौशाद और दानिश के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, गोली लगने से घायल दिलशाद, अजमत और करूआ सगे भाई हैं, जबकि दानिश को बिना चोट के गिरफ्तार किया गया। पुलिस का दावा है कि पूछताछ में आरोपियों ने गौकशी से जुड़े होने की बात स्वीकार की है और वारदात की नीयत से इलाके में घूम रहे थे।

# आदर्श समाज सेवा समिति व न्यू मीडिया हाउस के संयुक्त तत्वाधान मे रुपईडीहा कोतवाल को किया गया सम्मानित

**डायरी पेन व अंगवस्त्र भेंट कर कोतवाल का किया गया सम्मान**

**कानून व्यवस्था व बेस्ट पुलिसिंग को लेकर हुई सकारात्मक चर्चा**

**अमन लेखनी समाचार**

**मोहम्मद कौसर**





रुपईडीहा, बहराइच। आदर्श समाज सेवा समिति व न्यू मीडिया हाउस बाबागंज के संयुक्त तत्वाधान में पत्रकार व समाजसेवियों ने रुपईडीहा आदर्श थाना कोतवाली हरेंद्र मिश्रा को बैच लगाकर एवं अंगवस्त्र, सम्मानपत्र, डायरी व पेन भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान पत्रकारिता से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई और क्षेत्र की खबरों तथा जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान रुपईडीहा कोतवाल हरेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि पुलिस और पत्रकार समाज के बीच बेहतर समन्वय से क्षेत्र की समस्याओं को प्रभावी ढंग से सामने लाने और आम जनता तक सही जानकारी पहुंचाने में मदद मिलती है। उन्होंने कानून-व्यवस्था एवं जनहित से जुड़े मामलों में आपसी सहयोग बनाए रखने की बात कही। इस अवसर पर क्षेत्र की वर्तमान स्थिति, पुलिस की कार्यप्रणाली तथा आमजन की समस्याओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी सौहार्दपूर्ण माहौल में चर्चा हुई। इस मौके पर आदर्श समाज सेवा समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि व वरिष्ठ पत्रकार संतोष मिश्रा, समिति जिला सचिव व वरिष्ठ पत्रकार शेर सिंह कसौधन, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद कौसर, सलाहकार शाहिद हुसैन मौजूद रहे।

# महुली हादसे के पीड़ित परिवार से मिला अपना दल एस

**प्रतापगढ़ में अमन के लिए सरकारी नौकरी की मांग की गई**

**अमन लेखनी समाचार**



प्रतापगढ़ ,महुली में जर्जर मकान गिरने से एक ही परिवार के छह सदस्यों की मौत के मामले में अपना दल का एक प्रतिनिधिमंडल दोपहर 4:30 करीब पीड़ित परिवार के घर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने हादसे में बचे एकमात्र सदस्य अमन श्रीवास्तव से मुलाकात की और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। अपना दल के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण कुमार पटेल ने परिवार की स्थिति पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि परिवार बेहद कठिन आर्थिक परिस्थितियों में रह रहा था। बीमारी के कारण आर्थिक तंगी के चलते परिवार के सदस्य एक ही कमरे में जमीन पर सो रहे थे, तभी जर्जर मकान की छत गिर गई और छह लोगों की मौत हो गई। पटेल ने कहा कि अमन इस हादसे में परिवार का अकेला जीवित सदस्य है। पार्टी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अमन को सरकारी नौकरी देने की मांग करेगी, ताकि वह अपने जीवन को फिर से स्थापित कर सके। विश्वनाथगंज के विधायक जीतलाल पटेल ने बताया कि परिवार की ओर से अमन के लिए सरकारी नौकरी की मांग की गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पार्टी का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिलकर यह मांग रखेगा और सरकार अमन की मदद करेगी।

# अभद्र टिप्पणी पर दो पक्ष भिड़े

**जमकर मारपीट; 2 घायल, पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती**

**अमन लेखनी समाचार**



शाहजहांपुर, बंडा थाना क्षेत्र के भांबी गांव में रात करीब 9 बजे अभद्र टिप्पणी को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष की टिप्पणी का दूसरे पक्ष ने विरोध किया, जिसके बाद दोनों ओर से लोग आमने-सामने आ गए।

### गाली-गलौज के बाद मारपीट

देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों में गाली-गलौज शुरू हो गई। इसके बाद लात-घूंसे चलने लगे। मारपीट में दो लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संभाविवाद की सूचना मिलते ही सीओ पुवायां प्रवीण मलिक और बंडा थाना प्रभारी ब्रजेश सिंह पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों से घटना की जानकारी ली और घायलों को इलाज के लिए भेजा। तहरीर के आधार पर होगी कार्रवाई बंडा थाना प्रभारी ब्रजेश सिंह ने बताया कि मारपीट की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की है। दोनों पक्षों से घटना के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। तहरीर मिलने के बाद उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### टौल में कावड़ सेवा, हिंदू-मुस्लिमों ने मिलकर की सेवा

**सभासद ने भी दिया योगदान, समिति ने किया सम्मानित**

बागपत ,रटौल-ढिकोली मार्ग पर आयोजित कावड़ शिविर में हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मिलकर कावड़ियों की सेवा की। यह शिविर आर.के. पब्लिक स्कूल के पास लगाया गया था, जहाँ गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की गई। रटौल के सभासद हसमत चौधरी ने भी शिविर में पहुंचकर कावड़ियों की सेवा में अपना योगदान दिया। कावड़ समिति ने उनके इस प्रयास के लिए उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर सभासद हसमत चौधरी ने कहा कि हरिद्वार से सैकड़ों किलोमीटर पैदल चलकर आने वाले शिव भक्तों की सेवा करना एक पुण्य का कार्य है। उन्होंने सभी से मिलकर कावड़ियों की सेवा करने का आह्वान किया, क्योंकि उन्हें यात्रा के दौरान कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। शिविर में चेयरमैन हाजी मुंतजिर, नदीम, जान मोहम्मद सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों को भी कावड़ समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

### महिला दूध गर्म करते समय झुलसी

**कपड़ों में आग लगने से गंभीर, हायर सेंटर रेफर**

बागपत ,बड़ौत क्षेत्र के बावली गांव में सोमवार रात एक महिला दूध गर्म करते समय गंभीर रूप से झुलस गई। गैस चूल्हे पर काम करते समय अचानक उनके कपड़ों में आग लग गई। परिजनों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। बावली गांव की पट्टी देशू निवासी 36 वर्षीय पिंकी, राहुल की पत्नी, रविवार रात करीब 11:30 बजे अपनी सात माह की बच्ची कीर्ति के लिए दूध गर्म कर रही थीं। इसी दौरान अचानक उनके कपड़ों में आग लग गई। पिंकी की चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और आग बुझाई।परिजन पिंकी को तुरंत सीएचसी बड़ौत ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद, गंभीर हालत के कारण उन्हें बागपत जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सोमवार रात करीब 2:25 बजे महिला को जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि पिंकी लगभग 48 प्रतिशत झुलस गई थीं। बेहतर इलाज के लिए उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल भेजा गया। पिंकी का विवाह वर्ष 2012 में राहुल से हुआ था और उनके सात बच्चे हैं। राहुल मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं। स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है और वे मामले से संबंधित आवश्यक जानकारी जुटा रहे हैं। पिंकी का इलाज फिलहाल सफदरजंग अस्पताल में चल रहा है। पुलिस परिजनों से हादसे के कारणों के बारे में पूछताछ कर रही है।

### कांवड़ शिविर का अश्लील डांस का वीडियो

**समाजसेवियों ने जताई नाराजगी, पुलिस जांच में जुटी**

बागपत, बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में कांवड़ यात्रियों के लिए लगाए गए एक शिविर का अश्लील डांस वीडियो सामने आया है। वीडियो में कुछ लोग फिल्मी गानों पर आपत्तिजनक तरीके से नृत्य करते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि कांवड़ यात्रियों की सेवा के लिए लगाए गए एक शिविर में कुछ लोग फिल्मी गानों पर अश्लील डांस कर रहे थे।

## गगन भेदी जयकारों के साथ तिरंगामय हुए अमौली शिक्षा क्षेत्र के गांव

### वंदे मातरम के 150 वीं जयंती पर निकली भव्य तिरंगा यात्रा

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर , जनपद के अमौली विकासखंड शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार शुक्ल के कुशल निर्देशन में समूचे विकासखंड के प्राथमिक तथा परिषदीय विद्यालयों में तिरंगा शोभायात्रा प्रतिदिन धूमधाम से निकाल जा रही है शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय तारापुर में कल प्रधानाध्यापिका मनीषा शुक्ला की अगुवाई में बच्चों ने विद्यालय प्रांगण से अद्भुत शोभायात्रा निकाली केसरिया स्वेत तथा हरित क्रांति स्थापित करते हुए बच्चों ने संपूर्ण विद्यालय प्रांगण को नई नवेली दुल्हन की तरह सुसज्जित किया विद्यालय का तिरंगामय श्रृंगार सेल्फी प्वाइंट आदि एक अद्भुत दृश्य प्रदर्शित कर रहा था नन्हे मुन्ने हाथों में तिरंगा लेकर बच्चों ने भारत माता की जय वंदे मातरम आदि राष्ट्रभक्ति ओजस्वी गीतों के माध्यम से पूरे तारापुर गांव की गलियों को तिरंगामय कर दिया विद्यालय में सुसज्जित किए गए सेल्फी पॉइंट में सभी बच्चों ने छायांकन आदि का आनंद लिया वही विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में जयंती समारोह आजादी का अमृत महोत्सव भी धूमधाम से मनाया गया द्वारका में उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ग्राम प्रधान सरोज कुमार अभिभावक रामसिंह अजय महेंद्र सिंह रीना कुसुम कली समेत विद्यालय की सहायक अध्यापिका सुधा उत्तम आदि ने भी बच्चों का उत्साह वर्धन किया ठीक इसी प्रकार शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर में प्रधानाध्यापक शैलेंद्र सचान की अगुवाई में भव्य तिरंगा शोभायात्रा निकाली गई जहां बच्चों ने हाथ में तिरंगा लेकर समूचे गांव की गलियों में भारत माता की जय जयकारे लगाऐ।

## शादी का झांसा देकर प्रेमिका से बनता रहा शारीरिक संबंध आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक ने अपनी प्रेमिका को शादी का झांसा देते हुए 7 माह तक शारीरिक संबंध स्थापित किया वहीं इसके बाद शादी करने से इनकार कर दिया पीड़िता ने नजदीकी थाना सुल्तानपुर घोष में लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसका प्रेमी 40वर्षीय पंकज सिंह पुत्र भोला सिंह निवासी सोनावरदेई मजरा कोड़ा रवर ने उसके साथ वैवाहिक जीवन जीने की कसमें खाते हुए निरंतर लगभग सात माह तक अवैध संबंध बनाता रहा वहीं विवाह के लिए युवती निरंतर कहती रही जिसे सुनकर युवक आना कानी करता रहा ज्यादा कहने पर प्रेमी युवक पंकज ने शादी करने से इनकार कर दिया पीड़िता की तहरीर स्वीकृत करते हुए सुल्तानपुर घोष थाना प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह चंदेल ने आरोपी युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 69 , 352 के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी की खोजबीन प्रारंभ की वही खोजबीन के पश्चात दबिश देते हुए प्रशासन ने प्रेम नगर स्थित एक मकान से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि शादी का झांसा देने वाले आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार करते हुए वैधानिक कार्रवाई की गई

## पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय में धूमधाम से निकाली गई तिरंगा यात्रा

अमन लेखनी समाचार



मलवां, फतेहपुर ,जनपद के मलवां विकासखंड शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत संचालित पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में अमृत महोत्सव के साथ-साथ भव्य तिरंगा यात्रा निकाल गई विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वैष्णो कीर्ति शुक्ला के तत्वावधान में नन्हे मुन्ने बच्चों ने हाथ में तिरंगा लेकर भारत माता की जय वंदे मातरम आदि जयकारों से समूचे गांव को गुंजायमान कर दिया भव्य शोभायात्रा पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर से निकाली गई जहां हर घर तिरंगा वंदे मातरम पोस्टर बैनर आदि लेकर बच्चों ने गांव की प्रमुख गलियों में आम जनमानस को राष्ट्रभक्ति के प्रति उत्साहित किया विद्यालय परिसर में बच्चों ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन शिक्षकों के साथ मिलकर किया विद्यालय में सुंदर-सुंदर रंगोली कलाकृतियों का निर्माण कर अद्भुत कला प्रदर्शित की गई वहीं देश के प्रति समर्पित होने वाले अमर सपूतों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस मौके पर प्रधानाध्यापिका के साथ विद्यालय के अन्य शिक्षक जैसे रविंद्र अमरेंद्र नेहा तथा महेजबीन आदि भी मौजूद रहे

## युवक को जहरीले सर्प ने डसा हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद थाना कस्बे अंतर्गत लालूगंज मोहल्ला निवासी 23 वर्षीय युवक अनास पुत्र नसीम को विगत रात्रि मंगलवार प्रातः बुधवार एक जहरीले सर्प ने अपना शिकार बना लिया जानकारी मिलते ही परिजन तत्काल नवयुवक को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहानाबाद ले गए जहां स्थिति गंभीर होते देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात नवयुवक को सदर अस्पताल फतेहपुर रेफर कर दिया खबर लिखते समय तक मिली जानकारी के अनुसार नवयुवक का अभी उपचार चल रहा है

## सैलून संचालक ने नाबालिक बेटे के साथ किया को दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बे के रज्यौडा मोहल्ला निवासी एक नवयुवक ने 11 वर्षीय नाबालिक बालक के साथ कुकृत्य किया मिली जानकारी के अनुसार नाबालिक बालक अधिकतर उसकी दुकान में बाल बनवाने आता था जहां नवयुवक आरोपी सैलून दुकान के संचालक 20 वर्षीय जान मोहम्मद निवासी मोहल्ला रज्यौड़ा थाना जहानाबाद ने नाबालिक बालक के साथ 10 अगस्त सोमवार को अपनी दुकान के अंदर घिनौनी हरकत की पीड़ित बालक ने बताया कि इससे पहले भी आरोपी कई बार ऐसा कार्य कर चुका है वहीं परिजनों ने लिखित प्रार्थना पत्र नजदीकी थाना जहानाबाद में देकर न्याय की गुहार लगाई थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी युवक जान मोहम्मद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया

## एसकेएम का जेल भरो आंदोलन

### राष्ट्रपति के नाम मांगपत्र सौंप एमएसपी की गारंटी से लेकर किसानों की कर्जमाफी तक 9 प्रमुख मांगें

अमन लेखनी समाचार




मेरठ , भारत छोड़ो दिवस की 84वीं वर्षगांठ के अवसर पर संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को देशव्यापी जेल भरो एवं विरोध कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में मेरठ में भी किसानों और मजदूर संगठनों से जुड़े कार्यकताओं ने प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र जिलाधिकारी/ उप जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति भवन भेजा गया। एसकेएम ने मांगपत्र में केंद्र सरकार से किसानों, मजदूरों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। संगठन ने 9 दिसंबर 2021 को दिल्ली की सीमाओं पर हुए किसान आंदोलन के बाद केंद्र सरकार की ओर से दिए गए लिखित आश्वासनों को लागू नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई।

#### एमएसपी की कानूनी गारंटी

किसानों ने सभी फसलों के लिए उ2+50 प्रतिशत के फामूर्ले के आधार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य ( एमएसपी ) की कानूनी गारंटी और सरकारी खरीद सुनिश्चित करने की मांग की। ग्रामीण कर्ज को समाप्त करने के लिए किसानों और दिहाड़ी मजदूरों की व्यापक कर्जमाफी की मांग भी उठाई गई। किसान आत्महत्या पीड़ित परिवारों को 25 लाख रुपए मुआवजा देने और उनके पूर्ण पुनर्वास की जिम्मेदारी सरकार द्वारा उठाने की मांग की गई। मांगपत्र में भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते का विरोध करते हुए सभी मौजूदा मुक्त व्यापार समझौतों की समीक्षा और उन्हें रद्द करने की मांग की गई। रङट ने कहा कि कृषि उपज के मुक्त आयात से भारतीय किसानों और कृषि क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। कृषि विपणन के लिए राष्ट्रीय नीति ढांचे को भी वापस लेने की मांग की गई।

#### बिजली, बीज और खाद्य सुरक्षा कानूनों पर भी आपत्ति

एसकेएम ने विद्युत निजीकरण विधेयक-2025, बीज विधेयक-2025 और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों को वापस लेने की मांग की।

## ई-रिक्शा बैटरी चार्जिंग पॉइंट में लगी भीषण आग

**अचानक बैटरी में हुआ ब्लास्ट; दुकान में मची भगदड़, हजारों का सामान जला**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , लिसाड़ी गेट क्षेत्र में शाम ई-रिक्शा की बैटरी चार्जिंग पॉइंट की दुकान में अचानक आग लग गई। चार्जिंग के दौरान एक बैटरी में जोरदार ब्लास्ट होने के बाद आग ने पूरी दुकान को चपेट में ले लिया। धमाके की आवाज सुनकर दुकान में मौजूद संचालक ने बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। आग से दुकान में रखा बैटरी और चार्जर समेत हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दरअसल, लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के ऊंचा सद्दीक नगर गली नंबर-1 निवासी जुनैद पुत्र मोहसिन गली में ही ई-रिक्शा की बैटरी चार्ज करने की दुकान चलाते हैं। सोमवार शाम उनकी दुकान में कई ई-रिक्शा बैटरियां चार्जिंग पर लगी हुई थीं। बताया गया कि जुनैद दुकान के अंदर ही बैठे हुए थे। इसी दौरान अचानक एक बैटरी में ब्लास्ट हो गया।धमाके के बाद दुकान में फैली आग बैटरी में ब्लास्ट होते ही दुकान में आग फैल गई। अचानक आग लगने से दुकान में मौजूद जुनैद घबरा गए और किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। कुछ ही देर में दुकान से धुएं का गुबार निकलने लगा, जिससे आसपास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।आग की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। दुकान मालिक और स्थानीय लोगों ने बाल्टी और पाइप के जरिए पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।बैटरी और चार्जर जलकर राखआग बुझने तक दुकान में रखी कई ई-रिक्शा बैटरियां और चार्जर जलकर राख हो चुके थे। दुकानदार के मुताबिक आग से हजारों रुपये का सामान जल गया।

गनीमत रही कि घटना में किसी व्यक्ति के झुलसने या घायल होने की सूचना नहीं है।

## विकास भवन में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

### प्रथम तल पर लगी आग पर दमकल ने काबू पाया

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , विकास भवन में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। यह घटना जिलाधिकारी कार्यालय परिसर स्थित भवन के प्रथम तल पर हुई। बिजली पैनल में आग लगने से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई, हालांकि दमकल विभाग ने समय रहते आग पर काबू पा लिया।घटना प्रथम तल पर स्थित एक कार्यालय में हुई, जहां बिजली पैनल से अचानक धुआं निकलने लगा और फिर आग लग गई। भवन में मौजूद कर्मचारियों ने तुरंत इसकी सूचना दमकल विभाग को दी।सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम दमकल वाहन के साथ मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर नियंत्रण पाया। समय रहते आग बुझा दिए जाने के कारण यह कार्यालय के अन्य हिस्सों तक नहीं फैल सकी, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सोमवार को कार्यालय में सामान्य कामकाज चल रहा था। इसी दौरान प्रथम तल स्थित कार्यालय के बिजली पैनल से धुआं उठने लगा और कुछ ही देर में आग की लपटें दिखाई देने लगीं। आग की खबर फैलते ही भवन में मौजूद लोगों में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया था।प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण बिजली पैनल में हुआ शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग का दायरा सीमित रहने के कारण कार्यालय के अन्य हिस्सों में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। इस घटना में किसी कर्मचारी या अन्य व्यक्ति के घायल होने की कोई सूचना नहीं है।

घटना के बाद संबंधित अधिकारियों द्वारा भवन की विद्युत व्यवस्था और बिजली के उपकरणों की जांच कराई जा रही है। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा भी की जा रही है।

## जहर खाने वाली खरखौदा की युवती ने पलटा अपना बयान

### बोली- चार साल से अरमान से रिलेशन, उससे शादी करूंगी, पुलिस ने दिलाए झूठे बयान

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,मुस्लिम युवक से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खाने वाली युवती के मामले में अचानक नया मोड़ आ गया। युवती एसएसपी ऑफिस पहुंची और पहले सामने आई पूरी कहानी को झूठा बताते हुए अपने बयान से पलट गई। युवती ने आरोप लगाया कि परिवार और खरखौदा पुलिस ने उसे डरा-धमकाकर अरमान के खिलाफ बयान दिलवाए थे। उसने परिवार से परेशान होकर जहर खाया था और उसके चाचा ने ही उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। वह पिछले चार साल से अरमान के साथ रिलेशन में है और उसी से शादी करना चाहती है। उसने अरमान पर लगाए गए सभी आरोपों को गलत बताया।युवती ने एसएसपी से अपनी सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आशंका जताई कि यदि वह वापस घर गई तो परिजन उसकी हत्या कर सकते हैंएसएसपी ऑफिस पहुंची युवती ने बताया कि वह अनुसूचित जाति से है और बीए की पढ़ाई कर रही है। वह पिछले चार साल से गांव के ही अरमान के साथ रिलेशन में है। परिवार को जब दोनों के रिश्ते की जानकारी हुई तो उन्होंने विरोध शुरू कर दिया। घर में आए दिन विवाद होने लगा। युवती ने बताया कि 21 जुलाई को मां से विवाद के बाद उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर उसके चाचा ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

#### बयान के लिए दबाव बनाने का आरोप

युवती का आरोप है कि अस्पताल में उपचार के दौरान होश में आने पर खरखौदा पुलिस वहां पहुंची। पुलिस उसके परिवार के कहने पर उस पर दबाव बनाने लगी। युवती ने दावा किया कि उसे इतना डराया और टॉर्चर किया गया कि वह पूरी तरह सहम गई।इसके बाद उसने अपनी इच्छा के विपरीत अरमान के खिलाफ बयान दे दिए।बोली- अरमान पर लगे आरोप गलतयुवती ने कहा कि अरमान पर लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह गलत हैं। अरमान कोई दूसरी शादी नहीं कर रहा था और न ही उसने अरमान से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खाया था। उसने स्पष्ट किया कि वह परिवार के विरोध और घर में लगातार हो रहे विवाद से परेशान थी।

## 16वीं मंजिल से कूदी महिला

### जुलाई में हुई थी शादी, कई दिनों से डिप्रेशन में थी, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

अमन लेखनी समाचार




नोएडा, नोएडा के सेक्टर-108 स्थित डिवाइन मीडोज सोसाइटी में शाम एक महिला ने 16वीं मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया। गंभीर हालत में परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की शादी 11 जुलाई को हुई थी। घटना के बाद उसके मायके वालों ने पति पर दहेज हत्या का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।पुलिस के मुताबिक सोसाइटी के लिली टावर के फ्लैट नंबर-1602 में पहचान 24 साल की कामिनी कुमारी पति मंथन धीमान के साथ किराये पर रह रही थीं। वह मूलरूप से एटा की रहने वाली थी। उनके पति मंथन धीमान देहरादून के रहने वाले हैं। दोनों शादी के बाद सोसाइटी में किराये के फ्लैट में रह रहे थे। कामिनी पहले एक बीपीओ में नौकरी करती थी, लेकिन कुछ समय पहले उसने नौकरी छोड़ दी थी। मंथल वीडियो एडिटर है।कई दिनों से डिप्रेशन में थी पुलिस पूछताछ में मंथन ने बताया कि कामिनी पिछले कुछ समय से डिप्रेशन में थी और उसका इलाज चल रहा था। हालांकि, पुलिस की ओर से इलाज संबंधी कागजात मांगे जाने पर वह तत्काल कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सका।

## निर्माणाधीन नाले में गिरी कार

### बाइक सवार को बचाने की कोशिश में हुआ हादसा, चालक बाल-बाल बचा

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर ,ग्रेटर नोएडा के तिलपता गोल चक्कर के पास रात बाइक सवार को बचाने के प्रयास में एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे करीब चार फीट गहरे निमार्णाधीन नाले में जा गिरी। हादसे में कार चालक बाल-बाल बच गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया गया कि कार तिलपता गोल चक्कर से दादरी की ओर जा रही थी। इसी दौरान अचानक एक बाइक सवार सामने आ गया। उसे बचाने के लिए कार चालक ने वाहन को दूसरी तरफ मोड़ दिया। इससे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने निमार्णाधीन नाले में जा गिरी। कार के नाले में गिरते ही आसपास मौजूद लोगों ने मौके पर पहुंचकर चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलने पर सूरजपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से कार को नाले से बाहर निकलवाया।घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सुरक्षा इंतजाम नहीं होने का आरोपस्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे नाले का निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन निर्माण स्थल के आसपास पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए हैं। इससे वाहन चालकों के लिए हादसे का खतरा बना रहता है। लोगों ने निर्माण स्थल के आसपास बैरिकेडिंग और पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था किए जाने की मांग की है।थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बाइक सवार को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर निमार्णाधीन नाले में गिर गई।

## दो महिलाओं के बीच जमकर हाथापाई

### गौर सिटी-2 में पत्नी ने पति को दूसरी महिला के साथ देखा, फिर बाल घसीट-घसीटकर पीटा

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौर सिटी-2 स्थित 14 एवेन्यू में दो महिलाओं के बीच मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। बताया जा रहा है कि एक पत्नी ने अपने पति को दूसरी महिला के साथ देख लिया, जिसके बाद विवाद बढ़ गया और दोनों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। जानकारी के अनुसार, पति-पत्नी के बीच पहले से विवाद चल रहा है और मामला कोर्ट में विचाराधीन है। पति की एक महिला मित्र अपना फ्लैट खाली कर रही थी। उसने सामान शिफ्ट कराने के लिए युवक को 14इँ एवेन्यू बुलाया था।पत्नी को इसकी जानकारी मिल गई और वह भी पति के पीछे वहां पहुंच गई। मौके पर पति को दूसरी महिला के साथ देखकर पहले कहासुनी हुई और फिर दोनों महिलाओं के बीच मारपीट शुरू हो गई। वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने करीब 12 सेकेंड का वीडियो बना लिया, जो शनिवार दोपहर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।घटना की सूचना पुलिस को भी दी गई थी। मौके पर दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी बात रखी, लेकिन किसी ने भी लिखित शिकायत नहीं दी। बाद में दोनों पक्षों ने आपसी समझौता कर लिया और आगे कोई कार्रवाई न करने की बात कही।

# 15 लाख के गहनों की चोरी का निकला फर्जी मामला, गिरवी गहने छुड़ाने के लिए रचा था षड्यंत्र

अमन लेखनी समाचार



संडीला (हरदोई)। संडीला के निराला नगर में 15 लाख रुपये के गहनों की चोरी की सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब मामले की गहराई से जांच शुरू की तो कथित चोरी की कहानी फर्जी निकली। पुलिस जांच में सामने आया कि महिला ने अपने गिरवी रखे जेवरात वापस पाने के लिए चोरी का पूरा ड्रामा रचा था। बताया गया कि सुबह निराला नगर में एक घर से नकदी और करीब 15 लाख रुपये के गहने चोरी होने की खबर सामने आई थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। पुलिस ने घर की मालकिन नीलम और उसके बेटे अमित से पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में सामने आया कि घर में किसी प्रकार की चोरी नहीं हुई थी। महिला ने अपने गहने संडीला के भरत ज्वेलर्स, अनूप ज्वेलर्स और अवधेश नारायण ज्वेलर्स के यहां गिरवी रखे थे। आरोप है कि गिरवी रखे गहनों को बिना रकम चुकाए वापस हासिल करने के लिए महिला ने चोरी की झूठी कहानी तैयार की। पुलिस के मुताबिक, महिला की योजना थी कि चोरी की खबर और पुलिस कार्रवाई के डर से ज्वेलर्स उसके गिरवी रखे गहने वापस कर दें, जिससे उसे गिरवी की रकम और ब्याज चुकाने से बचने का मौका मिल सके। हालांकि पुलिस की जांच में पूरा मामला सामने आने के बाद कथित 'स्मार्ट प्लान' नाकाम हो गया। थाना प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि मामले की जांच की गई है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्र में लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों को लेकर पुलिस की सक्रियता पर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस का कहना है कि किसी भी घटना की सूचना मिलने पर उसकी गंभीरता से जांच की जा रही है।

# अधीक्षक ने सुनी आमजन की समस्याएं त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के दिए निर्देश



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, गुमशुदगी, साइबर धोखाधड़ी, राजस्व प्रकरणों एवं अन्य पुलिस संबंधी मामलों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक जांच की जाए तथा पीड़ितों को की गई कार्यवाही से समय पर अवगत कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, विलंब या उत्पीड़न पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। जिन मामलों में त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई कार्यक्रम पुलिस और जनता के मध्य विश्वास, संवाद एवं पारदर्शिता को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम है।

# राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड ने किया आरएस सोलर एंड सिक्योरिटी एम्पायर कार्यालय का भव्य शुभारंभ

**सावन के द्वितीय सोमवार पर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। सावन माह के द्वितीय सोमवार के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आरएस सोलर एंड सिक्योरिटी एम्पायर कार्यालय का भव्य शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड द्वारा किया गया। कार्यालय का शुभारंभ समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवनाथ जायसवाल, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह सहित पूनम देवी, श्रवण केशरी, आकाश विश्वकर्मा, रूपा देवी, शांति देवी, गीता एवं मधु समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा देश : संजीव सिंह गोंड समारोह को संबोधित करते हुए समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना देश के आम परिवारों को सौर ऊर्जा से जोड़ने की दिशा में केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि घरों की छतों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाकर परिवार अपनी बिजली की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। इससे स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलने के साथ बिजली के खर्च में भी राहत मिल सकती है। उन्होंने पात्र परिवारों से योजना की जानकारी प्राप्त कर सरकारी नियमों एवं प्रावधानों के अनुसार इसका लाभ उठाने की अपील की। मंत्री श्री गोंड ने कहा कि सौर ऊर्जा पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने आरएस सोलर एंड सिक्योरिटी एम्पायर के कार्यालय शुभारंभ पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि क्षेत्र में योजना की जानकारी और जागरूकता पहुंचने से अधिक से अधिक परिवार इससे जुड़ सकेंगे। जन-जन तक योजना पहुंचाने का संकल्प आरएस सोलर एंड सिक्योरिटी एम्पायर की ओर से बताया गया कि कार्यालय के माध्यम से क्षेत्रवासियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, रूफटॉप सोलर सिस्टम, आवेदन प्रक्रिया एवं योजना से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सौर ऊर्जा को भविष्य की ऊर्जा बताते हुए प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को आम परिवारों के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया। वक्ताओं ने कहा कि सौर ऊर्जा को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण के साथ ऊर्जा की बचत की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाया जा सकता है।

## खास समाचार

# हैंडपंप मरम्मत के नाम पर लाखों की निकासी का आरोप, गौशाला में मवेशियों की संख्या पर भी सवाल

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद (हरदोई)। टोडरपुर विकास खंड की ग्राम पंचायत जमुरा में विकास कार्यों के नाम पर ग्राम निधि से होने वाले खर्च को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि हैंडपंप मरम्मत और रिबोर के नाम पर प्रत्येक वर्ष ग्राम निधि खाते से लाखों रुपये की धनराशि निकाली जा रही है, जबकि मौके पर कराए गए कार्यों की वास्तविक स्थिति कागजों से मेल नहीं खाती। ग्रामीणों का कहना है कि अभिलेखों में हैंडपंपों की मरम्मत और रिबोर के कार्य लगातार दर्शाए जा रहे हैं, लेकिन धरातल पर कई कार्यों की स्थिति की जांच किए जाने की आवश्यकता है। इसके अलावा ग्राम पंचायत की गौशाला को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आरोप है कि गौशाला में मौजूद मवेशियों की वास्तविक संख्या से लगभग दोगुनी संख्या अभिलेखों में दर्शाकर उनके भरण-पोषण के नाम पर मिलने वाली धनराशि में कथित अनियमितता की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि मवेशियों की संख्या, उनके भरण-पोषण और ग्राम निधि से होने वाले भुगतान से संबंधित अभिलेखों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो स्थिति स्पष्ट हो सकती है। ग्रामीणों ने कहा कि शिकायतों और लगातार उठ रहे सवालों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से अपेक्षित कार्रवाई नहीं दिखाई दे रही है। उनका कहना है कि क्षेत्र की प्रमुख ग्राम पंचायतों में सरकारी योजनाओं और ग्राम निधि के धन के उपयोग में पारदर्शिता बेहद जरूरी है। अब ग्रामीणों ने पूरे मामले को साक्ष्यों के साथ सामने रखने की बात कही है। उनका दावा है कि हैंडपंप मरम्मत, रिबोर और गौशाला में दर्ज मवेशियों की संख्या से जुड़े दस्तावेजों के साथ मौके की वास्तविक स्थिति भी दिखाई जाएगी। ग्रामीणों ने उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए ग्राम निधि से हुई निकासी, हैंडपंप मरम्मत एवं रिबोर कार्यों तथा गौशाला में दर्ज मवेशियों की संख्या का मौके पर सत्यापन कराने की मांग की है। ग्रामीणों का सवाल है कि ग्राम निधि के धन की निगरानी करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए।

# विनोबा आश्रम के शुभचिंतक वीरेंद्र पाल सिंह यादव पंचतत्व में विलीन, अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद (हरदोई)। शाहजहांपुर की राजनीति और सामाजिक क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाले वीरेंद्र पाल सिंह यादव का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव नियामतपुर स्थित श्मशान घाट पर किया गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता पहुंचे। वीरेंद्र पाल सिंह यादव मूल रूप से नियामतपुर गांव में खेती और दुग्ध व्यवसाय से जुड़े रहे। दुग्ध व्यवसाय के दौरान उनका संपर्क उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से हुआ और दोनों के बीच घनिष्ठ संबंध बने। इसके बाद उन्होंने सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाई। वह जिला पंचायत सदस्य चुने गए और आगे चलकर शाहजहांपुर के जिला पंचायत अध्यक्ष के पद तक पहुंचे। उनके परिवार ने भी राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में अपनी सक्रियता बनाए रखी। उनके पुत्र अजय प्रताप सिंह ने जिला पंचायत अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली। इसके बाद परिवार की तीसरी पीढ़ी के रूप में अजय प्रताप सिंह की पत्नी ममता यादव भी जिला पंचायत अध्यक्ष चुनी गईं और वर्तमान में पद पर कार्यरत हैं। वीरेंद्र पाल सिंह यादव केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहे, बल्कि सामाजिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रही। उन्होंने शिव मंदिर की स्थापना सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में योगदान दिया। उनके प्रयासों से क्षेत्र में कई संस्थानों और जनसुविधाओं के विकास को भी गति मिली। पिछले चार-पांच माह से वह अस्वस्थ चल रहे थे और दिल्ली स्थित एम्स में उनका उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर दिल्ली से शाहजहांपुर और फिर नियामतपुर लाया गया, जहां अंतिम दर्शन के लिए हजारों लोग पहुंचे। अंतिम संस्कार के दौरान उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, सांसद अरुण सागर, विधायकगण, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। उनके पुत्र अजय प्रताप सिंह और अभय प्रताप सिंह ने अंतिम संस्कार की रस्में पूरी कीं। विनोबा आश्रम गो-सदन के संरक्षक ओंकार मनीषी ने कहा कि वीरेंद्र पाल सिंह यादव जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। आश्रम परिवार के विमला बहन, कमला बहन, प्रबंधक मुदित कुमार, विनोबा दर्शन प्रभारी अखिलेश उपाध्याय सहित अन्य लोगों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। विनोबा विचार प्रवाह परिवार एवं शिव सत्संग मंडल के राष्ट्रीय समन्वयक अंबरीष कुमार सक्सेना की ओर से भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान वक्ताओं ने उनके सामाजिक योगदान और सरल स्वभाव को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# दो नाबालिग बच्चियों से लैंगिक अपराध के दोषी को उम्रकैद व 73 हजार अर्थदंड

**आरोप तय होने के महज 4 माह 4 दिन में सुनवाई पूरी कर सुनाई सजा**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। नाबालिग बच्चियों के साथ गंभीर लैंगिक अपराध के मामले में सोनभद्र की दो नाबालिग बच्चियों से लैंगिक अपराध के दोषी को उम्रकैद व 73 हजार अर्थदंड,सोनभद्र पॉक्सो कोर्ट का सख्त फैसला,

आरोप तय होने के महज 4 माह 4 दिन में सुनवाई पूरी कर सुनाई सजा।

सोनभद्र। नाबालिग बच्चियों के साथ गंभीर लैंगिक अपराध के मामले में सोनभद्र की पॉक्सो अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए अभियुक्त अली फैयाज उर्फ फैज पुत्र सलीमुद्दीन अंसारी, निवासी अनपरा, सोनभद्र को दोषसिद्ध कर शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने अभियुक्त पर विभिन्न धाराओं में कुल 73,000 का अर्थदंड भी लगाया है। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सोनभद्र ओमकार शुक्ला की अदालत ने यह महत्वपूर्ण निर्णय थाना अनपरा के मुकदमा अपराध संख्या 70/2026 में सुनाया। अभियोजन के अनुसार अभियुक्त ने दो नाबालिग बच्चियों को बहला- फुसलाकर उनके साथ लैंगिक अपराध किया था। मामले में अभियुक्त के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2)( ), 65(2), 75(1)( ), 351(3) तथा ढडउरड अू३ की धारा 5( )/6, 5छ/6, 9छ/10 एवं 9/10 के तहत आरोप विरचित किए गए थे। सुनवाई के दौरान अभियोजन ने पीड़िताओं के महत्वपूर्ण बयानों के साथ-साथ चिकित्सकीय साक्ष्य, जन्मतिथि संबंधी दस्तावेज, पुलिस विवेचना एवं अन्य परिस्थितिजन्य साक्ष्यों को न्यायालय के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उपलब्ध साक्ष्यों का समग्र परीक्षण करने के बाद अदालत ने अभियुक्त को दोषी पाया। अदालत ने पॉक्सो एक्ट के गंभीर अपराधों के लिए अभियुक्त को आजीवन कारावास अर्थात उसके शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक कारावास की सजा सुनाई। इसके अतिरिक्त कुल 73,000 अर्थदंड भी अधिरोपित किया गया। अर्थदंड जमा न करने की स्थिति में अतिरिक्त कारावास भुगतने का आदेश दिया गया है। सजा के प्रश्न पर न्यायालय ने उच्चतम न्यायालय के विभिन्न निर्णयों का उल्लेख करते हुए अपराध की प्रकृति, उसकी गंभीरता, पीड़िताओं पर पड़े प्रभाव तथा समाज पर उसके प्रभाव को दंड निर्धारण में महत्वपूर्ण माना। न्यायालय ने मामले की परिस्थितियों और अपराध की गंभीरता को देखते हुए माना कि कठोर दंड दिया जाना आवश्यक है। इस फैसले की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि अभियुक्त पर आरोप विरचित होने के बाद महज 4 माह 4 दिन में सुनवाई पूरी कर उसे दोषसिद्ध करते हुए सजा सुना दी गई। पॉक्सो जैसे गंभीर अपराध में त्वरित सुनवाई के माध्यम से पीड़िताओं को शीघ्र न्याय दिलाने की दिशा में यह निर्णय महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मामले में राज्य की ओर से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस किया।

# खेल मैदान में हरदोई पुलिस का जलवा, जूडो में तीसरा तो बैडमिंटन में हासिल किया पहला स्थान

अमन लेखनी समाचार



हरदोई। कानून-व्यवस्था संभालने के साथ खेल के मैदान में भी हरदोई पुलिस के जवानों ने जिले का नाम रोशन किया है। 11वीं ऑल इंडिया पुलिस जूडो क्लस्टर-2026 में हरदोई की महिला आरक्षी बबीता चौधरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा जनपद अंबेडकरनगर में आयोजित लखनऊ जोन की 43वीं अंतरजनपदीय बैडमिंटन क्लस्टर प्रतियोगिता में हरदोई पुलिस की महिला एवं पुरुष टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में हेड कांस्टेबल राजीव यादव, कांस्टेबल प्रियांशु कुमार, सन्नी कुमार, यशवंत कुमार, अवनीश कुमार, वीरेंद्र कुमार तथा महिला कांस्टेबल पूजा चौहान और कवलजीत चौधरी ने प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर पुलिस विभाग में खुशी का माहौल है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक हरदोई ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उनकी उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आगे भी इसी तरह बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। हरदोई पुलिस के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिले का गौरव बढ़ा है। जूडो में तृतीय स्थान और बैडमिंटन में प्रथम स्थान हासिल कर पुलिसकर्मियों ने साबित किया कि अनुशासन और मेहनत के दम पर खेल के मैदान में भी सफलता हासिल की जा सकती है।

# प्रसव के बाद महिला की मौत, परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाकर किया हंगामा

अमन लेखनी समाचार



संडीला (हरदोई)। संडीला के बांगरमऊ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की हालत बिगड़ने और उपचार के दौरान मौत होने से नाराज परिजनों ने अस्पताल के बाहर हंगामा किया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव को सड़क पर रखकर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से बातचीत कर मामले को शांत कराने का प्रयास किया। कछौना थाना क्षेत्र के कोरिहाना मजरा हथौड़ा निवासी सरोजनी पत्नी पप्पू को प्रसव पीड़ा होने पर 8 अगस्त को संडीला स्थित पल्स हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर में भर्ती कराया गया था। परिजनों के अनुसार, ऑपरेशन के बाद सरोजनी ने बच्ची को जन्म दिया, लेकिन प्रसव के बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। सरोजनी के भाई रामकुमार का आरोप है कि अस्पताल में ऑक्सीजन उपलब्ध न होने की बात कही गई और बिना स्पष्ट जानकारी दिए उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान सरोजनी की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि इसके बाद शव को लेकर वे संडीला स्थित अस्पताल पहुंचे, जहां शिकायत करने पर अस्पताल स्टाफ ने उनके साथ अभद्रता की। मामले से नाराज परिजनों ने अस्पताल के बाहर शव सड़क पर रखकर विरोध प्रदर्शन किया और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से बातचीत की। पुलिस ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकली भव्य तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के रंग में रंगा रॉबर्ट्सगंज

**तहसील परिसर से बढ़ौली चौराहा तक गूंजे देशभक्ति के नारे, हाथों में तिरंगा लेकर उमड़ा जनसैलाब।**

**मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी सहित जनपद स्तरीय अधिकारियों ने तिरंगा यात्रा में किया प्रतिभाग।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। हर घर तिरंगा अभियान-2026 के अंतर्गत जनपद सोनभद्र में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना से ओत-प्रोत भव्य तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, जनपद स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनमानस ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा तहसील परिसर रॉबर्ट्सगंज से प्रारंभ होकर बढ़ौली चौराहा तक निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए। भारत माता की जय, वंदे मातरम् सहित देशभक्ति के नारों से पूरा मार्ग गूंजता रहा। देशभक्ति गीतों और राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत नारों ने पूरे वातावरण को जोश एवं उत्साह से भर दिया। तिरंगा यात्रा में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती जागृति अवस्थी सहित जनपद स्तरीय अधिकारियों ने सहभागिता की। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश कुमार, जिला विकास अधिकारी हेमंत कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, डीसी मनरेगा रविंद्र सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पांडेय तथा अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं एवं आमजन के साथ हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में प्रतिभाग किया और नागरिकों को राष्ट्रध्वज के सम्मान तथा राष्ट्रप्रेम की भावना से जुड़ने का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। विद्यार्थियों में विशेष उत्साह एवं उमंग देखने को मिली। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम् तथा देशभक्ति के अन्य नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। देशभक्ति गीतों से वातावरण पूरी तरह राष्ट्रप्रेम की भावना से सराबोर रहा। मार्ग में आम नागरिकों ने भी तिरंगा यात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया और अभियान के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। हर घर तिरंगा अभियान-2026 का उद्देश्य जन-जन में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना को मजबूत करना तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रीय एकता के भाव से जोड़ना है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से लोगों को अपने घरों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद रॉबर्ट्सगंज क्षेत्र को भी तिरंगे के रंग में सजाया गया, जिससे पूरा नगर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा सजावट और यात्रा में लहराते राष्ट्रीय ध्वज ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। तिरंगा यात्रा ने जनपद में स्वतंत्रता दिवस के उत्सव के माहौल को और अधिक उत्साहपूर्ण बना दिया। चारों ओर लहराते तिरंगे, देशभक्ति के गीत और भारत माता के जयघोष से रॉबर्ट्सगंज नगर राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया।

# ककरवई में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

## भारत माता की जय का हुआ उद्घोष

अमन लेखनी समाचार

ककरवई। बुधवार को कस्बा ककरवई में भाजपा बामौर मंडल के तत्वावधान में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ भगवती स्वरूपानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से हुआ। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ जनप्रतिनिधिगण, भाजपा पदाधिकारी गण,कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्रवासी शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय के उद्घोष और डीजे पर गूंज रहे देशभक्ति गीतों से पूरा कस्बा देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। तिरंगा यात्रा में शामिल सभी लोग हाथों में तिरंगा लेकर कस्बे के प्रमुख मार्गों से निकले। यात्रा का समापन पुनः भगवती स्वरूपानंद विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष बामौर पुष्पेंद्र दुबे द्वारा किया गया। इस मौके पर एमएलसी प्रतिनिधि आरपी निरंजन, महिला आयोग सदस्य अनुपमा लोधी, चेयरमैन गरौठा अरुण मिश्रा, भाजपा नेता रामजी परिहार डुमरई, ब्लॉक प्रमुख बामौर चंद्रभान अहिरवार, मंडल प्रभारी बामौर गुड्डी रानी पटेल, महेशचंद्र बिदुआ ,ग्राम प्रधान ककरवई राजेंद्र तिवारी, अवधेश फौजी, शैलेन्द्र सिंह फौजी, एमएलसी प्रतिनिधि पुष्पेंद्र पटेल, साधन सहकारी समिति अध्यक्ष, संदीप परिहार, मोलू परिहार,विशाल तिवारी सिया,गिरजानंदन दीक्षित,दीपक तिवारी,प्रधान हीरानगर जगभान सिंह,प्रधान धमनोड सरजू शरण पाठक, अनिल यादव,मनीष दाऊ,शिवप्रताप बुंदेला, छत्रपाल पाल, रिंकू गुप्ता ,दीपक गुप्ता,रामपाल निषाद सहित विद्यालय का स्टाफ एवं ग्रामवासी मौजूद रहे। वही सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से थानाध्यक्ष ककरवई योगेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे ।

### पूर्व सैनिकों एवं पत्रकारों को किया गया सम्मानित

तिरंगा यात्रा के समापन के बाद पूर्व सैनिकों एवं पत्रकारों का सम्मान किया गया।कार्यक्रम में पूर्व सैनिक सूबेदार शिवपाल सिंह, हवलदार शैलेन्द्र सिंह, सूबेदार योगेंद्र सिंह, हवलदार अवधेश सिंह, क्षेत्रपाल सिंह, कल्लू फौजी एवं सोबरन सिंह यादव को शॉल, श्रीफल एवं पुष्पवर्षा कर सम्मानित किया गया। वहीं पत्रकार चंद्रप्रकाश द्विवेदी, शशिकांत तिवारी, धर्मजीत यादव, हेमन्त यादव, अमित यादव एवं महेंद्र रायकवार को पट्टिका पहनाकर एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया

# खलियारी से बलियारी मोड़ तक बेकाबू कार का कहर, आधा दर्जन लोग घायल



**नगवा ब्लॉक प्रमुख आलोक सिंह ने घायलों को अस्पताल भिजवाया, पुलिस जांच में जुटी।**

अमन लेखनी समाचार

खलियारी सोनभद्र। रायपुर थाना क्षेत्र के खलियारी पोखरा से बलियारी मोड़ तक मंगलवार को एक बेकाबू कार ने सड़क पर चल रहे लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना में शामिल वाहन का नंबर वढ64इए1452 बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और घायलों को सुरक्षित बाहर निकालने का प्रयास किया। इसी दौरान क्षेत्र के भ्रमण पर निकले नगवा ब्लॉक प्रमुख आलोक सिंह को घटना की जानकारी मिली। उन्होंने तत्काल रायपुर थाना पुलिस को सूचना दी और अपनी गाड़ी से घायलों को अस्पताल भिजवाकर उपचार की व्यवस्था कराई। सूचना मिलते ही रायपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना की जांच शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक घायलों की पहचान और दुर्घटना के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी थी।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# आरडी बर्मन की बायोपिक में नजर नहीं आएंगे इमरान

मुंबई। आरडी बर्मन की बायोपिक को लेकर दर्शकों में उत्साह है। नीरज पांडे निर्देशित इस फिल्म की स्टारकास्ट को लेकर खूब अटकलें लग रही हैं। बीते दिनों कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावे किए गए कि अभिनेता इमरान हाशमी फिल्म से जुड़ गए हैं। वे पंचम दा के करीबी दोस्त और मशहूर एक्टर-सिंगर व कॉमेडियन महमूद की भूमिका निभाते नजर आएंगे। मगर, इन खबरों का इमरान ने खंडन कर दिया है। इमरान ने बीती रात अपने सोशल मीडिया अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया। इसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि वे बायोपिक में काम नहीं कर रहे हैं। 'मैं साफ कर दूं कि एक बायोपिक में मेरे महमूद की भूमिका निभाने की खबरें सच नहीं हैं'।

लाइफ Style

# कोमल

## रूपा और दुनियादारी से बॉलीवुड में कदम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोमल रानी स्वर्णकार भारतीय सिनेमा में एक उभरती हुई अभिनेत्री हैं, जो जल्द ही हिंदी फिल्म उद्योग में अपना बड़ा कदम रखने जा रही हैं। गोविंदा के साथ नाम जुड़ने से पहले मुख्यधारा के सिनेमाई दर्शकों के बीच उनकी कोई खास पहचान नहीं थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कोमल मूल रूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली हैं। हालांकि उनके शुरुआती जीवन, पारिवारिक पृष्ठभूमि, शिक्षा और सटीक उम्र को लेकर सार्वजनिक रूप से विश्वसनीय जानकारी उपलब्ध नहीं है। गोविंदा के साथ उनकी आगामी फिल्मों और बढ़ती नजदीकी के कारण ही वे अचानक से सुर्खियों में आई हैं। कोमल और गोविंदा के बीच की चर्चा का सबसे मुख्य कारण उनका व्यावसायिक जुड़ाव है। कोमल, गोविंदा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रूपा' में उनके साथ मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म को गोविंदा के बड़े पर्दे पर वापसी के एक बड़े मौके के रूप में देखा जा रहा है। इसके अलावा मीडिया रिपोर्ट्स में कोमल का नाम गोविंदा के एक और आगामी प्रोजेक्ट 'दुनियादारी' से भी जोड़ा जा रहा है। एक साथ दो-दो फिल्मों में वरिष्ठ अभिनेता के साथ काम करने की खबरों ने दोनों के रिश्तों को लेकर चल रही अफवाहों को और बल दिया है। इन दोनों के बीच अफेयर की खबरों ने तब तूल पकड़ा जब मुंबई एयरपोर्ट पर गोविंदा और कोमल को एक साथ देखा गया। एयरपोर्ट से सामने आई तस्वीरों और वीडियोज ने सोशल मीडिया पर यूजर्स का ध्यान तुरंत अपनी ओर खींच लिया। इसके बाद से ही दोनों के



हॉलीवुड मसाला




# जॉर्ज-अमल की तलाक की उड़ी अफवाह

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर जॉर्ज क्लूनी और ह्यूमन राइट्स लॉयर अमल क्लूनी 12 साल से शादी के रिश्ते में हैं। 2014 में शादी के बाद से इस कपल की शादीशुदा जिंदगी खुशहाल रही है। इसके बावजूद दोनों के अलग होने की खबरें आग की तरह फैल रही हैं। हालांकि, ये अफवाहों पूरी तरह से झूठी हैं। इन अफवाहों की वजह एमा वॉटसन को बताया जा रहा है। रविवार को कुछ तस्वीरें सामने आईं जिनमें एमा वॉटसन को लेक कोमो में जॉर्ज और अमल क्लूनी के प्राइवेट घर पर आते हुए देखा गया।



# बाल नकली हैं, लेकिन बेबी बंप असली है

लॉस एंजिल्स। 43 साल की उम्र में मां बनने जा रहीं एनी हाल ही में अपनी फिल्म 'द एंड ऑफ ओक स्ट्रीट' के प्रीमियर में नजर आईं, जहां उन्होंने अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट किया। लेकिन सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने उनकी प्रेग्नेंसी को ही फेक बताना शुरू कर दिया। अब एनी ने ट्रोल्स को अपने अंदाज में करारा जवाब दिया है। वीडियो में जब स्टाइलिस्ट उनके बालों को पोनीटेल में सेट कर रही थीं, तब एनी ने मजाक में कहा, 'ये मेरे असली बाल नहीं हैं।' इसके बाद उन्होंने वीडियो के कैप्शन में ट्रोल्स को जवाब देते हुए लिखा, 'बाल नकली हैं, लेकिन बेबी बंप असली है।' वर्कफ्रंट की बात करें तो एनी हैथवे हाल ही में निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'द ओडिसी' में नजर आई थीं।



# सावन में महादेव की भक्ति में लीन हुए सितारे

मुंबई। पवित्र सावन मास चल रहा है। इसे विशेष रूप से भगवान शिव की आराधना का महीना माना जाता है। मंगलवार को सावन शिवरात्रि थी। लोग भोलेनाथ की भक्ति में लीन रहे। कई सितारों ने भी भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। कुछ ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करके फैंस को बधाई दी है। अभिनेत्री निमरत कौर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे गुजरात के दीव स्थित श्री गंगेश्वर महादेव मंदिर में पूजा करती दिख रही हैं। पारंपरिक ड्रेस में शिवलिंग की आराधना करते हुए अभिनेत्री ने तस्वीरें वीडियो साझा किए हैं। इसके साथ शुभकामना देते हुए निमरत ने लिखा है, 'महादेव का दिव्य आशीर्वाद हमारी सभी परेशानियों को दूर करे और हमें भीतर से मजबूत बनाए। सभी को सावन शिवरात्रि की शुभकामनाएं।




# 18 साल बाद साथ लौटे अक्षय और सैफ

नई दिल्ली। अभिनेता अक्षय कुमार और सैफ अली की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हैवान' सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। मंगलवार को मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए टीजर रिलीज डेट की जानकारी दी। फिल्म में अक्षय कुमार और सैफ अली खान की जोड़ी एक बार फिर साथ नजर आएग। दोनों लगभग 18 सालों के बाद स्क्रीन पर साथ नजर आएंगे। अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर अपने और सैफ अली खान के लुक की तस्वीर पोस्ट की. इसके साथ उन्होंने लिखा, 'बदला ही मेरी वजह है, हर सेंस उसका हथियार है। आप किसकी तरफ हो? हीरो हो या हैवान? हैवान का टीजर बुधवार को आएगा।' 'हैवान' एक दमदार थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन प्रियदर्शन ने किया है। फिल्म का निर्माण कार्य केवीएन प्रोडक्शंस और द स्पियन फिल्म्स साथ मिलकर कर रहे हैं।

टीवी मसाला




# रोहित कर रहे छोटे पर्दे पर डेब्यू, मचाएंगे धमाल

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा टी20 और टेस्ट से संन्यास के बाद अपने नए शो से छोटे पर्दे पर डेब्यू कर रहे हैं। इसके साथ ही त्योहारी सीजन में अजय देवगन, माधुरी दीक्षित और एआर रहमान के नए शो भी प्रस्तुत किए जा रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के धाकड़ कप्तान रोहित शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टी20 और टेस्ट क्रिकेट से विदाई लेने के बाद अब जीवन की एक नई पारी की ओर कदम बढ़ाया है। बल्ला थामकर गेंदबाजों के छक्के छुड़ाने वाले हिटमैन अब पहली बार एक नए अंदाज में दर्शकों का मनोरंजन करते नजर आएंगे। मीडिया जगत में हलचल मचाने वाली इस नई शुरुआत के साथ रोहित जल्द ही छोटे पर्दे पर अपने खुद के शो के जरिए आधिकारिक तौर पर मनोरंजन जगत में कदम रखने जा रहे हैं। हाल ही में सामने आई इस नई पहल की विस्तृत जानकारी को भले ही अभी गुप्त रखा गया हो, लेकिन सामने आई कुछ झलकियों ने प्रशंसकों की उत्सुकता को कई गुना बढ़ा दिया है। शो से जुड़े एक दिलचस्प वीडियो में रोहित शर्मा अपने समर्थकों के साथ बातचीत करते दिखाई देते हैं। इस दौरान उनके प्रशंसक लगातार उनसे उनका प्रसिद्ध संवाद, 'कोई भी गार्डन में नहीं घूमेगा,' दोहराने की गुजारिश करते हैं। बार-बार एक ही मांग से थोड़े असहज होकर रोहित वहां से चले जाते हैं। यह मजेदार पल शो के पूरे मनोरंजन पैकेज का सिर्फ एक छोटा सा हिस्सा भर है, जो यह संकेत देता है कि दर्शकों को मैदान से बाहर भी उनका एक अनोखा रूप देखने को मिलेगा।

## केबीसी में सनी-आमिर के साथ बिग बी ने की मस्ती

नई दिल्ली। सनी देओल, आमिर खान, प्रीति जिंटा अपनी आने वाली फिल्म 'बंटवारा 1947' के प्रमोशन के सिलसिले में 'केबीसी 18' में पहुंचे। लीड रोल में सनी देओल और प्रीति जिंटा हैं। वहीं, इसे आमिर खान प्रोडक्शन ने प्रोड्यूस किया है। यह तीनों सितारे 'केबीसी' शो में बिग बी के साथ खूब हंसी-मजाक करते दिखे। प्रीति जिंटा 'केबीसी 18' की हॉट सीट पर बैठी थीं तो उन्होंने बिग बी से कहा, 'मेरे घर में आप सबसे ज्यादा फेमस हैं। मेरे बच्चे आपका वो गाना सुनते हैं, शेर वाला गाना, 'मेरे पास आओ मेरे दोस्तों..'।' इस बात पर अमिताभ बच्चन हंस पड़ते हैं। वह कहते हैं, 'मैं इतने साल फिल्मों में काम किया, लेकिन कई बच्चे मुझे देखकर बोलते हैं, केबीसीवाले अंकल। सनी देओल और आमिर खान के साथ भी अमिताभ बच्चन मस्ती और मजाक करते दिखे। शो शुरू होने से पहले का एक वीडियो मेकर्स ने सोशल मीडिया पर शेयर किया।



# पुलिस कंपनी में हर्षवर्धन निभाएंगे दया नायक का किरदार

मुंबई। अंडरवर्ल्ड और डी-कंपनी फिल्मों के लिए मशहूर फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा एक बार फिर सुर्खियों में हैं ,उन्होंने क्राइम फिल्मों की तरफ फिर रुख कर लिया है। राम गोपाल वर्मा ने अपनी आने वाली फिल्म 'पुलिस कंपनी' का सोशल मीडिया पर ऐलान किया । दिलचस्प बात ये है कि इस फिल्म में पुलिस अधिकारी 'दया नायक' पर आधारित इस किरदार की भूमिका 'हसीन दिलरुबा' से मशहूर हुए हर्षवर्धन राणे निभाएंगे। इससे पहले राम गोपाल वर्मा हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'पुलिस स्टेशन में भूत' पर काम कर रहे थे। मगर अब उन्होंने ऐलान कर दिया है कि वो फिर मुंबई अंडरवर्ल्ड की गलियों में कदम रखने को तैयार हैं। 'पुलिस कंपनी' 'डी कंपनी' से भी ज्यादा खतरनाक बताई जा रही है। 'डी कंपनी' एक अपराधी संगठन है जिसे दाऊद इब्राहिम ने शुरू किया था। राम गोपाल ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने फिल्म का नाम और कॉनसेप्ट पर बात करते हुए लिखा,'पुलिस एक संस्था है और अंडरवर्ल्ड कंपनी पैसा कमाने वाला संगठन। लेकिन जब किसी संस्था को अतिरिक्त शक्तियां दी जाती हैं, तो वह जल्द ही एक कंपनी बन जाती है।'



### हर्षवर्धन का लुक किया शेयर

यह बताते हुए कि 'पुलिस कंपनी' में कई कलाकार होंगे, राम गोपाल वर्मा ने इस प्रोजेक्ट के बारे में और जानकारी जल्द ही देने की बात कही। उन्होंने अलग-अलग पोस्ट शेयर करते हुए फिल्म से हर्षवर्धन राणे का लुक भी दिखाया।

### किस पर आधारित है 'पुलिस कंपनी'?

फिल्म के बारे में जानकारी देते हुए फिल्ममेकर ने लिखा, 'दाऊद इब्राहिम द्वारा अपने ज्यादातर प्रतिद्वंद्वी गिरोहों को बेरहमी से खत्म करने के बाद, उसने अपने गिरोह को एक कंपनी में बदल दिया और फिर दुबई चला गया। उसने 'डी कंपनी' के कामकाज को संभालने की जिम्मेदारी अपने सहयोगी छोटे राजन को सौंप दी।' उन्होंने याद करते हुए कहा, इसके बाद घटनाओं के एक सिलसिले के कारण दाऊद और राजन के बीच दरार आ गई, जिससे मुंबई अंडरवर्ल्ड में एक खालीपन पैदा हो गया। इस स्थिति का फायदा उठाते हुए कई अन्य गिरोह शीर्ष स्थान पर अपना दावा करने के लिए मैदान में कूद पड़े, जिससे आपराधिक गतिविधियों में भारी उछाल आया। सिस्टम गिरोह की गतिविधियों को रोकने में पूरी तरह नाकाम हो रहा था, जिससे उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार आदि जगहों से कई युवा अंडरवर्ल्ड कंपनियों में शामिल होने के लिए आकर्षित हो रहे थे।' राम गोपाल आगे कहते हैं, 'घबराहट भरी स्थिति में, एक विशेष दस्ता बनाया गया, जिसने 1997 और 2004 के बीच 300 से ज्यादा गैंगस्टरों को मार गिराया। 'पुलिस कंपनी' उसी दस्ते से प्रेरित कहानी है और यह उसकी टीम के एक सदस्य, दया नायक पर आधारित होगी, जिनका किरदार हर्षवर्धन राणे निभाएंगे'।

# फिल्म इंडस्ट्री में भंसाली ने पूरे किए 25 साल, लकी साबित हुई ये जोड़ी

मुंबई। दिग्गज निर्देशक संजय लीला भंसाली ने फिल्म इंडस्ट्री में 25 साल पूरे कर लिए हैं। इस दौरान उन्होंने 10 फिल्मों को डायरेक्ट किया है। वहीं उनकी 11वीं फिल्म अगले साल बॉक्स ऑफिस पर दस्तक देने वाली है। इस फिल्म में आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विकी कौशल होंगे।



*100 करोड़ क्लब वाली फिल्में*: दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की जोड़ी संजय लीला भंसाली के लिए लकी साबित हुई है। डायरेक्टर ने इस जोड़ी के साथ तीन फिल्में बनाई हैं और तीनों ने 100 करोड़ रुपए के क्लब में अपनी जगह बनाई है।

पद्मावत: दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह और शाहिद कपूर स्टारर इस पीरियड ड्रामा ने 302 करोड़ का कलेक्शन कर कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड अपने नाम किए थे।

*बाजीराव मस्तानी*: रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और प्रियंका चोपड़ा की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 185 करोड़ की शानदार कमाई की थी।

*गंगूबाई काठियावाड़ी*: आलिया भट्ट स्टारर इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस से 211.50 करोड़ ग्रॉस और भारत में 132.01 करोड़ नेट का बेहतरीन बिजनेस किया था।

*गोलियों की रासलीला राम-लीला*: रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की इस हिट फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 116 करोड़ कमाए थे।

### क्लासिक फिल्में

*देवदास (2002)*: शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय और माधुरी दीक्षित की इस आइकॉनिक फिल्म ने उस दौर में 42 करोड़ का कलेक्शन किया था।

*हम दिल दे चुके सनम*: सलमान खान, ऐश्वर्या राय और अजय देवगन स्टारर इस सुपरहिट फिल्म ने 25 करोड़ की कमाई की थी।

*ब्लैक*: अमिताभ बच्चन और रानी मुखर्जी के अभिनय से सजी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक प्रदर्शन करते हुए 23 करोड़ कमाए थे।

## 'कभी अलविदा ना कहना' से जुड़े अनसुने किस्से

# फिल्म रिलीज के बाद हुए कई तलाक, कटा शाहरुख-रानी का इंटीमेट सीन

*मुंबई। करण जौहर निर्देशित और शाहरुख खान, रानी मुखर्जी अभिनीत फिल्म 'कभी अलविदा ना कहना' को 20 साल पूरे हो चुके हैं। फिल्म को आज भी इसकी अलग तरह की कहानी और गीतों के लिए याद किया जाता है। 'कभी-कभी दोस्ती मोहब्बत की जगह ले लेती है और फिर मोहब्बत के लिए ही जगह नहीं रहती है' दुल्हन के लिबास में बैठी माया (रानी मुखर्जी) फिल्म के शुरुआती सीन में यह बात देव (शाहरुख खान) के किरदार से कहती है। फिल्म की कहानी में देव की शादी हो चुकी, माया शादी कर रही है। लेकिन आगे चलकर शादी-शुदा होने के बावजूद भी दोनों मिलते हैं और इनको प्यार हो जाता है। यह फिल्म प्यार के रिश्ते को बिल्कुल अलग ढंग से दिखाती है। आज भी यह कहानी दर्शकों को याद है। इस फिल्म के 20 साल पूरे होने के मौके पर जानिए, इससे जुड़े कुछ अनसुने किस्से।*

### करण को कहां से मिली कहानी की प्रेरणा?

फिल्म 'कभी अलविदा ना कहना' के निर्देशक करण जौहर थे। इस फिल्म की कहानी की प्रेरणा उन्हें अपने एक दोस्त की जिंदगी से मिली थी। साल 2004 में करण जौहर लंदन गए थे, एक पार्टी में अपने दोस्त से वह बात कर रहे थे, उन्होंने दोस्त की जिंदगी से जुड़ी एक कहानी को सुना और उससे प्रेरित हो गए। बता दें कि फिल्म में देव (शाहरुख खान) की कहानी, करण जौहर के दोस्त की कहानी से मिलती है। इस कहानी को सुनते ही करण जौहर ने फिल्म बनाने का मन बना लिया था।



**क्यों रानी नही थीं पहली पसंद?** : फिल्म 'कभी अलविदा ना कहना' में रानी मुखर्जी ने माया का किरदार बड़ी खूबसूरती से निभाया था। लेकिन, इस रोल के लिए वह पहली पसंद नहीं थीं। यह रोल पहले करण जौहर ने काजोल को ऑफर किया था। लेकिन, उस वक्त काजोल फना फिल्म की शूटिंग में व्यस्त थीं। ऐसे में यह फिल्म आगे चलकर रानी मुखर्जी को मिली।

### फिल्म ने वर्ल्डवाइड किया था शानदार कलेक्शन

फिल्म 'कभी अलविदा ना कहना' को भारत के अलावा विदेशों में भी खूब प्यार मिला। इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 60.28 करोड़ रुपए कमाए थे। जबकि वर्ल्डवाइड 111.20 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। फिल्म में रानी मुखर्जी, शाहरुख खान के अलावा अभिषेक बच्चन, अमिताभ बच्चन, प्रीति जिंटा जैसे कलाकार भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे।

***फिल्म से जुड़ी कुछ और खास बातें*** : फिल्म 'कभी अलविदा ना कहना' में शाहरुख खान के बेटे का एक किरदार था, जो एक चाइल्ड आर्टिस्ट ने निभाया था। यह चाइल्ड आर्टिस्ट अहसास चन्ना थीं, जो कि एक लड़की थी। जबकि बड़े पर्दे पर वह एक लड़के का रोल निभाती दिखीं। फिल्म का प्रमोशन भी अलग तरीके से किया गया। एक्टर्स ने 'मैरीड या हैप्पी' जैसी बातें लिखी हुईं टी-शर्ट पहनी थी। फिल्म को करण जौहर ने न्यूयॉर्क में शूट किया था। इस फिल्म को वहां पर 90 दिन में शूट किया गया। वहीं, मुंबई में भी कुछ सीन्स फिल्माए गए।

### क्या सच में फिल्म रिलीज होने के बाद हुए कई तलाक?

बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने 54वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में इस बात का जिक्र किया था कि फिल्म 'कभी अलविदा ना कहना' के बाद कई तलाक हुए थे। रानी ने इवेंट में कहा था, 'मुझे लगता है कि 'कभी अलविदा ना कहना' के बाद बहुत सारे तलाक हुए। बहुत सारे लोग थिएटर जा रहे थे और अत्यधिक असुविधा के साथ फिल्म देख रहे थे।' वह आगे कहती हैं, 'मुझे लगता है कि यह वह प्रतिक्रिया है जो करण को उनकी फिल्म के लिए मिली थी। मुझे लगता है कि इस फिल्म ने कई लोगों की आंखें खोल दीं और उन्होंने खुश होने का फैसला लिया।'

**सीन कैंसिल किया गया** : फिल्म में शाहरुख और रानी मुखर्जी के किरदार शादीशुदा थे, लेकिन दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो जाता है। कहानी के मुताबिक दोनों के बीच एक इंटीमेट सीन भी फिल्माया जाना था। सेट पर यह सीन शूट भी होने वाला था पर ऐन मौके पर करण जौहर को आदित्य चोपड़ा का फोन आया यह सीन स्क्रिप्ट से हटा दिया गया। इसे शूट ही नहीं किया गया। इस बारे में एक पुराने इंटरव्यू में करण जौहर कहते हैं, 'आदि ने मुझे फोन किया। वह बोले कि शाहरुख और रानी पर बोल्ड सीन नहीं फिल्माना चाहिए। उन्हें लगता था कि भारत में इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। हम दोनों के बीच फोन पर इस बात को लेकर बड़ा झगड़ा हुआ। बहुत बाद में जब मैंने इसके बारे में सोचा तो लगा कि वह सही थे।' बता दें कि इस फिल्म के डिस्ट्रीब्यूशन का काम आदित्य चोपड़ा की यशराज फिल्म्स ने संभाला था।